# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, मंगलवार
10 जून 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 102 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## सिंधु नदी के पानी के लिए गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान

### भारत नहीं दे रहा पत्र का जवाब, रखी शर्त



**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक आतंकवाद से जुड़ी चिंताएं दूर नहीं होतीं और संधि को पूरी तरह नया रूप नहीं दिया जाता। पाकिस्तान ने बातचीत के लिए कई बार प्रयास किए, लेकिन भारत ने जवाब नहीं दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

भारत पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक नई दिल्ली की आतंकवाद को लेकर जो चिंताएं हैं, उन्हें दूर नहीं किया जाता और यह संधि पूरी तरह से नए सिरे से नहीं बनाई जाती। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से संपर्क किया है और भारत से अपील की है कि वह सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले पर पुनर्विचार करे। उन्होंने भारत की जल संसाधन सचिव देबाश्री मुखर्जी को कई पत्र लिखे हैं और कहा है कि पाकिस्तान भारत की ओर से उठाई गई आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया है। सूत्रों के अनुसार, जब तक आतंकवाद से जुड़ी भारत की चिंताओं का समाधान नहीं होता और संधि को पूरी तरह नया रूप नहीं दिया जाता, तब तक भारत किसी भी स्तर पर पाकिस्तान से बातचीत नहीं करेगा।

शेष पेज 2 पर

## सनातन एकता महासम्मेलन में जुटेंगे देशभर के साधु-संत




नई दिल्ली। कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के सामने कबीर आश्रम में आगामी 11 जून को सनातन एकता महासम्मेलन का आयोजन होगा। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीत कौशिक करेंगे।

यह जानकारी अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर से साधु-संत, महात्मा, विभिन्न राजनैतिक व गैर राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे जो सनातन पर चर्चा करेंगे। शेष पेज 2 पर

## सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने उत्तराखंड में ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की, अग्रिम चौकियों का दौरा भी किया



**नई दिल्ली।** सीओएएस उपेंद्र द्विवेदी ने सुरक्षा और परिचालन तत्परता की समीक्षा करने के लिए उत्तराखंड में अग्रिम चौकियों का दौरा किया। सीओएएस ने भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवानों से बातचीत की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवा करते हुए उनके असाधारण समर्पण और लचीलेपन की प्रशंसा की। सीओएएस ने संचालन में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और मौजूदा और उभरते सुरक्षा खतरों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात बलों की परिचालन तैयारियों का आकलन करने के लिए उत्तराखंड में अग्रिम चौकियों का दौरा किया।

शेष पेज 2 पर

## केंद्र के 11 साल और यूपी के नौ साल के काम का हिसाब दे सरकारः अखिलेश

लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र के 11 और यूपी के 9 साल मिलाकर भाजपा को 20 साल के काम का हिसाब देना चाहिए। यूपी में कमीशन के लिए झगड़ा हो रहा है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को केंद्र के 11 वर्ष और प्रदेश सरकार के नौ साल कुल 20 वर्षों के काम का लेखाजोखा देना होगा कि जनता के लिए क्या किया?

अखिलेश यादव ने केंद्र में भाजपा सरकार के 11 साल के कार्यकाल को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए उन्होंने जनता के लिए क्या किया?

उन्हें बताना चाहिए कि शिक्षा के क्षेत्र में क्या किया? बेरोजगारी कितनी कम हुई? कितने रोजगार दिए हैं? प्रदेश में कितना निवेश आया है।

शेष पेज 2 पर

## राहुल का मोदी सरकार पर हमला, कहा- वर्तमान की बात बंद कर अब 2047 के सपने दिखा रहा केंद्र



नई दिल्ली । राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में चलती ट्रेन से गिरकर चार यात्रियों की मौत और छह घायल होने की घटना के बाद सोमवार को मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्तमान की बात करना बंद कर दिया है, और अब 2047 के सपने दिखा रही है। मोदी सरकार के 11 सालों में कोई जवाबदेही नहीं रही, सिर्फ प्रचार हुआ।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के 11 सालों में कोई जवाबदेही नहीं रही, सिर्फ प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब केंद्र ने वर्तमान की बात करना बंद कर दिया है और 2047 के सपने दिखा रही है। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चलती लोकल ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की मौत के बाद आई है, जिसमें भीड़भाड़ के चलते छह लोग गिरकर घायल भी हो गए।

शेष पेज 2 पर

## नक्सलियों द्वारा लगाए गया प्रेशर बम फटने से ASP शहीद, डीएसपी और थाना प्रभारी घायल



सुकमा । छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि सोमवार को सुकमा जिले में संदिग्ध माओवादियों द्वारा लगाए गए एक विस्फोटक उपकरण के फटने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए।

**प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस अधिकारी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भानुप्रताप चंद्राकर और निरीक्षक (थाना प्रभारी कोंटा) सोनल गवला, जिले के कोंटा क्षेत्र में एक अर्थ-मूवर मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना मिलने के बाद आज सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एराबीर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव, चंद्राकर और गवला घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों घायल पुलिस कर्मियों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गिरिपुंजे ने दम तोड़ दिया।

**मुख्यमंत्री ने विस्फोट में एएसपी की मौत पर दुख जताया** - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विस्फोट में एएसपी की मौत पर दुख जताया और कहा कि नक्सलियों को इस घटना के परिणाम भुगतने होंगे। मुख्यमंत्री साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किये गये आई ई डी विस्फोट में एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के बलिदान की सूचना मिली जो अत्यंत दुखद है। मैं उनके बलिदान को नमन करता हूं। इस कायरतापूर्ण हमले में कुछ अन्य अधिकारी व जवानों के भी घायल होने की खबर है।

**घायलों के समुचित इलाज हेतु निर्देश दिए -**

अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज हेतु निर्देश दिए हैं। साय ने कहा, छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं और उसमें सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है।

शेष पेज 2 पर

## यूपी के गाजीपुर से पकड़ी गई सोनम रघुवंशी, राजा मर्डर केस में अब तक पत्नी समेत चार लोग गिरफ्तार



गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से सोनम रघुवंशी को पकड़ा गया है। राजा मर्डर केस में पुलिस ने अब तक पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

मेघालय से 23 मई को लापता हुए मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी नवविवाहित जोड़े राजा रघुवंशी और पत्नी सोनम रघुवंशी मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से पत्नी सोनम रघुवंशी को बरामद कर लिया है।

मेघालय पुलिस का दावा है कि सोनम ने अपने पति राजा की हत्या कराई। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। अब तक सोनम समेत चार लोग इस हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए हैं।

सोनम रघुवंशी गाजीपुर के नंदगंज थाना इलाके से 17 दिन बाद पुलिस को मिली है। शुरूआती जानकारी में सामने आया है कि पुलिस सोनम को जिला अस्पताल लेकर गई, चेकअप के बाद उसे वन स्टॉप सेंटर में रखा है। शेष पेज 2 पर

### 52वीं बार बिहार आ रहे पीएम मोदी'

## तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे एनडीए के दिग्गज नेताओं ने ऐसा कहा




सीवान । स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पीएम मोदी के इस दौरे से सारण प्रमंडल में एनडीए को और मजबूती मिलेगी। जसौली गांव में जनसभा स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह दौरा बिहार के विकास में एक नया अध्याय जोड़ने की उम्मीद जगा रहा है।

आगामी 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीवान दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव में आयोजित होने वाली जनसभा में पीएम मोदी बिहारवासियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनडीए के सभी नेता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। जनसभा की तैयारियों को लेकर आज सीवान के एक निजी होटल में एनडीए सारण प्रमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, लोजपा (आर), रालोमो और हम के नेताओं सहित सांसद और विधायक शामिल हुए।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि पीएम मोदी का आगमन बिहार के लिए गौरव का विषय है। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहेंगे। शेष पेज 2 पर

**बिहार चुनाव** | चिराग के अकेले चुनाव लड़ने के एलान पर BJP ने किया किनारा

## जदयू अध्यक्ष बोले - मुझे नहीं मालूम




**सीवान ।** एनडीए के घटक दल होने के बावजूद LJPR प्रमुख चिराग पासवान के बिहार विधानसभी चुनाव अकेले 243 सीटों पर लड़ने के एलान के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। इस बयान पर भाजपा और जदयू की चौंकाने वाली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

बिहार की राजनीति एक बार फिर चिराग पासवान के बयानों से गरमा गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आरा में आयोजित एक जनसभा में पूरे बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। इस बयान पर जब एनडीए के प्रमुख घटक दलों भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के नेताओं से सीवान में प्रतिक्रिया मांगी गई, तो दोनों ही दलों के प्रदेश अध्यक्षों ने या तो चुप्पी साध ली या अनभिज्ञता जताई।

भाजपा अध्यक्ष ने सवाल को टाला- सीवान में एनडीए की प्रमंडलीय बैठक से पहले जब पत्रकारों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से चिराग पासवान के बयान को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने बड़ी चतुराई से इसे टालते हुए कहा कि चिराग ने अकेले नहीं, बल्कि एनडीए के साथ मिलकर 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात की है। उन्होंने सीधे तौर पर पासवान के एकतरफा चुनावी एलान पर कोई टिप्पणी नहीं की। दिलीप जायसवाल का यह रुख राजनीतिक जानकारों के अनुसार साफ संकेत है कि भाजपा फिलहाल चिराग के बयान पर कोई टकराव नहीं चाहती।

**जदयू अध्यक्ष ने जताई अनभिज्ञता-** इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली प्रतिक्रिया रही जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की। जब उनसे चिराग पासवान के पूरे बिहार में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि मुझे तो मालूम ही नहीं है। उनके इस बयान ने जदयू की अंदरूनी तैयारी और गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, विशेष रूप से तब जब चिराग का यह कदम 2020 की यादें ताजा कर रहा है।

शेष पेज 2 पर

# दिल्ली में शुरू होंगे आरोग्य मंदिर, लेंगे मोहल्ला क्लीनिक की जगह

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली । पीएम-एबीएचआइएम के तहत राष्ट्रीय राजधानी में 2406 करोड़ की लागत से 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर विकसित किए जाने हैं। दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक की जगह आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सुविधा शनिवार से शुरू होगी। दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाइ) के तहत विकसित किए इन 33 आरोग्य मंदिरों में से सात का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उद्घाटन करेंगी। जिसमें एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में वह पहुंचकर और छह आयुष्मान आरोग्य मंदिर का वर्चुअल तरीके से शुभारंभ करेंगी।

इसके साथ ही 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर आधिकारिक तौर पर कार्यरत हो जाएंगे। पीएम-एबीएचआइएम के तहत राष्ट्रीय राजधानी में 2406 करोड़ की लागत से 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर विकसित किए जाने हैं। इसके लिए दिल्ली सरकार 964 स्थलों की तलाश कर चुकी है। इसी क्रम में 63 आयुष्मान आरोग्य मंदिर विकसित किए जा रहे थे।

# एसीबी के सामने नहीं पेश हुए आप नेता मनीष सिसोदिया, वकील ने बताई वजह

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली । मनीष सिसोदिया ने पहले से निर्धारित कार्यक्रम के कारण एसीबी के सामने पेश होने में असमर्थता जताई। उनके वकील ने इस संबंध में एसीबी को जवाब भेज दिया है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के समन का जवाब देते हुए कहा कि वह पहले से निर्धारित कार्यक्रम के कारण पेश नहीं हो सकेंगे। उनके वकील ने इस संबंध में एसीबी को औपचारिक जवाब भेज दिया है। एसीबी ने सिसोदिया को एक मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था।

**क्लासरूम निर्माण में कथित भ्रष्टाचार**

दिल्ली सरकार के स्कूलों में क्लासरूम निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सत्येंद्र जैन को छह जून को एसीबी कार्यालय में बुलाया था। सत्येंद्र जैन एसीबी कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे इस मामले में पूछताछ की गई। वहीं, नौ जून यानी सोमवार को मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

**टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता की बात भी सामने आई थी**

सीवीसी के अनुसार, क्लासरूम के निर्माण की लागत को 24.86 लाख रुपये प्रति कमरा दिखाया गया, जबकि सामान्य रूप से इसके निर्माण में पांच लाख रुपये का ही खर्चा आता। सीवीसी की 2020 की रिपोर्ट में सीपीडब्ल्यूडी नियमों, वित्तीय दिशा निर्देशों और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता की बात भी सामने आई थी।

सपीएस के लिए 8800 रुपये प्रति वर्ग फुट की लागत ली गई इस रिपोर्ट में कहा गया कि सेमी परमानेंट स्ट्रक्चर (एसपीएस) के लिए 8800 रुपये प्रति वर्ग फुट की लागत ली गई। यह सामान्य से पांच गुना अधिक थी। जांच में पाया गया कि 2015-16 में स्वीकृत प्रोजेक्ट को जून 2016 तक पूरा नहीं किया था। इसकी लागत 17 फीसदी से 90 फीसदी तक बढ़ गई।

आप से जुड़े 34 ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने के भी आरोप लगे। भाजपा और कांग्रेस ने इसे जनता के पैसे की लूट का मामला बताया है। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पहले से ही दूसरे मामलों की जांच का सामना कर रहे हैं। सिसोदिया शराब नीति के मामले में जेल जा चुके हैं। वहीं, जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत पर बाहर हैं।

# आतंकी तहव्वुर राणा परिवार से फोन पर कर सकेगा बात, शर्त के साथ कोर्ट ने दी अनुमति

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। मुंबई में साल 2008 में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले तहव्वुर राणा को भारत लाया गया। अब दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में मामला चल रहा है। अमेरिका में परिवार से फोन पर बात करने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी।

26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अपने परिवार से फोन के जरिए एक बार बात करने की इजाजत पटियाला हाउस कोर्ट दी है। राणा ने कोर्ट में याचिका दायर कर परिवार से फोन पर बातचीत करने के लिए इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने सोमवार से 10 दिनों के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी मांगी है।

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी। न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप होगी और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, इस पर उनका रुख स्पष्ट किया गया हो।

दावा है कि तहव्वुर राणा ने अपनी कंसल्टेंसी फर्म्स में डेविड हेडली को भी नौकरी दी। इसी फर्म की मुंबई शाखा के काम के लिए डेविड हेडली मुंबई आया था और यहां लश्कर-ए-तयैबा के आतंकी हमलों की तैयारी के लिए मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी। जांचकर्ताओं का मानना है कि तहव्वुर राणा ने कंसल्टेंसी फर्म की आड़ में ही डेविड हेडली से रेकी का पूरा काम कराया।

# दिल्ली-एनसीआर में नए पेट्रोल-डीजल टैक्सियों पर लगेगा बैन, जल्द लागू होगा नियम

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर लगाम लगाने के मकसद से अब सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली-एनसीआर में कैब एग्रीगेटर्स, डिलीवरी कंपनियों और ई-कॉमर्स फर्मों के बेड़े में कोई भी नया पेट्रोल या डीजल वाहन शामिल नहीं किया जा सकेगा।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर लगाम लगाने के मकसद से अब सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 1 जनवरी 2026 से, दिल्ली-एनसीआर में कैब एग्रीगेटर्स, डिलीवरी कंपनियों और ई-कॉमर्स फर्मों के बेड़े में कोई भी नया पेट्रोल या डीजल वाहन शामिल नहीं किया जा सकेगा। यह फैसला वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने लिया है।

यह बैन सिर्फ कैब तक सीमित नहीं है। इसमें लाइट कमर्शियल व्हीकल्स (व्यावसायिक वाहनों), गुड्स कैरियर्स और डिलीवरी के लिए इस्तेमाल होने वाले टू-व्हीलर्स भी शामिल हैं। सीएक्यूएम का कहना है कि इन कमर्शियल गाड़ियों का उपयोग ज्यादा होता है और इनकी मेंटेनेंस भी अक्सर खराब रहती है। जिस कारण ये निजी वाहनों की तुलना में ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं।

## पेज एक का शेष...

### सिंधु नदी के पानी के लिए गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान

देबाश्री मुखर्जी ने इस फैसले की जानकारी पाकिस्तान को औपचारिक रूप से दी थी।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि को अस्थायी रूप से रोक दिया था। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।

विश्व बैंक की मध्यस्थता में बनी यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के बंटवारे और उपयोग को लेकर बनी हुई है। सिंधु नदी प्रणाली में मुख्य नदी सिंधु और उसकी सहायक नदियां शामिल हैं। रावी, ब्यास और सतलुज को 'पूर्वी नदियां' कहा जाता है, जबकि सिंधु, झेलम और चिनाब को 'पश्चिमी नदियां' माना जाता है।

सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बाद भारत अब यह योजना बना रहा है कि वह इस संधि के तहत अपने हिस्से के पानी का अधिकतम उपयोग कैसे कर सकता है। इसके लिए एक अध्ययन किया जाएगा, जिसमें जल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल, नए ढांचे के विकास और भारत के अधिकारों के पूर्ण उपयोग पर फोकस किया जाएगा।

### सनातन एकता महासम्मेलन में जुटेंगे देशभर के साधु-संत

उन्होंने बताया कि सनातन एकता महा सम्मेलन में जातिवाद से ऊपर उठकर सनातन एकता, सनातन बोर्ड के गठन, विभिन्न हिंदुवादी संगठनों को एकजुट करने के साथ ही भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों का पहुंचना मंगलवार से शुरू हो जाएगा।

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने उत्तराखंड में ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की, अग्रिम चौकियों का दौरा भी किया

यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने भारतीय सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों के साथ बातचीत की और कठोर और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कर्तव्यों का पालन करते हुए उनके असाधारण समर्पण और लचीलेपन की प्रशंसा की।

सेना प्रमुख ने आधुनिक युद्ध में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, "संचालन में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और मौजूदा और उभरते सुरक्षा खतरों के खिलाफ सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

इससे पहले रविवार को जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए इसे भारत की एकता, संकल्प और आत्मविश्वास का एक शक्तिशाली प्रमाण बताया। गढ़वाल क्षेत्र में सेवारत सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'इबेक्स तराना' के उद्घाटन पॉडकास्ट पर बोलते हुए जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन की सटीकता और प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला, जिसमें भारतीय सेना की ताकत, अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रदर्शन किया गया।

सीओएएस ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य जवाब नहीं था, यह भारत की एकता, संकल्प और आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति थी। सरकार ने हमें पूरी रणनीतिक स्वतंत्रता दी और देशवासियों ने जो भरोसा दिखाया, वह हमारी प्रेरणा का स्रोत बन गया। हमने बिना किसी नागरिक हताहत के नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इससे पता चलता है कि भारतीय सेना न केवल शक्तिशाली है, बल्कि जिम्मेदार भी है।

ऑपरेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, सीओएएस ने इसकी सावधानीपूर्वक योजना और निष्पादन पर जोर दिया और इसे "आतंकवाद का जवाब" बताया। उन्होंने सैनिकों के साहस, संयम और अनुशासन की प्रशंसा की और कहा कि ऑपरेशन की सफलता ने देश की जिम्मेदारी से रक्षा करने के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाया है। जनरल द्विवेदी ने कहा "मुझे गर्व है कि हमारे सैनिकों ने अनुशासन, संयम और असीम साहस के साथ इस ऑपरेशन को पूरा किया। यह जीत सिर्फ सेना की नहीं, बल्कि पूरे देश की है।

ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद को एक सुनियोजित, सटीक और योग्य जवाब है। उन्होंने एक मार्मिक सांस्कृतिक टिप्पणी जोड़ते हुए, कहा, "मैं एक और बात कहना चाहता हूं: ऑपरेशन सिंदूर के नाम के कारण, जब भी कोई मां, बहन या बेटी सिंदूर लगाती है, तो वह गर्व से हमारे सैनिकों को याद करती है। आतंकवाद का हर बार मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। हम सतर्क, सक्षम और हमेशा पूरी तरह तैयार हैं।

### राहुल का मोदी सरकार पर हमला, कहा- वर्तमान की बात बंद कर अब 2047 के सपने दिखा रहा केंद्र

राहुल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'जब मोदी सरकार अपने 11 साल के 'सेवा काल' का जश्न मना रही है, तब देश की सच्चाई मुंबई से आ रही एक दुखद खबर में दिख रही है- कई लोग ट्रेन से गिरकर मर गए।'

राहुल का आरोप- भारतीय रेल असुरक्षा-अराजकता का प्रतीक बनी- लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय रेल करोड़ों लोगों के जीवन की रीढ़ है, लेकिन आज यह असुरक्षा, भीड़भाड़ और अराजकता का प्रतीक बन गई है। उन्होंने लिखा, 'मोदी सरकार के 11 साल- ना कोई जवाबदेही, ना कोई सुधार, सिर्फ प्रचार। सरकार ने 2025 की बात करना बंद कर दिया है और अब 2047 के सपने बेच रही है।'

राहुल गांधी ने घटना पर जताया दुख-कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि आज देश जिन मुश्किल हालातों से गुजर रहा है, उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा? राहुल गांधी ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुआ हादसा-पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुआ। उन्होंने बताया कि ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी। हालांकि, रेलवे अधिकारियों ने मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि यह हादसा संभवतः दो भीड़भाड़ वाली ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुआ।

### तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे एनडीए के दिग्गज नेताओं ने ऐसा कहा

उन्होंने कहा कि पीएम के दौरे से सीवान और बिहार में विकास की गति तेज होगी, और हजारों करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ होगा। सीवान, सारण और गोपालगंज सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग जनसभा में शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी पीएम का गर्मजोशी से स्वागत करने को तैयार हैं। स्थानीय लोग भी इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर उत्साहित हैं।

20 जून को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम है-प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद 52वीं बार बिहार आ रहे हैं। 20 जून को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम है। उस दिन सीवान, छपरा और गोपालगंज जिले के लोग प्रधानमंत्री को सुनने आएंगे। उस दिन जितन राम मांझी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल होंगे।

### नक्सलियों द्वारा लगाए गया प्रेशर बम फटने से ASP शहीद, डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

इसी से बौखला कर नक्सली इस तरह की कायराना करतूत को अंजाम दे रहे हैं। नक्सलियों को इसका परिणाम भुगतना होगा। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ से इनका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया जायेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी दी श्रद्धांजली- राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (कोंटा क्षेत्र) आकाश राव गिरीपुंजे गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शर्मा गृह विभाग भी संभालते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलियों को हिंसा त्याग कर मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए और समाज के विकास में योगदान देना चाहिए।

कौन थे 42 वर्षीय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव?-पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 42 वर्षीय आकाश राव, रायपुर जिले के निवासी थे और राज्य पुलिस में 2013 बैच के अधिकारी थे। वह वर्ष 2024 से कोंटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। वह छत्तीसगढ़ पुलिस के सबसे साहसी योद्धाओं में से एक थे, जिन्होंने मानपुर-मोहला और सुकमा जैसे वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी थी। उन्होंने बताया कि अन्य घायल अधिकारी चंद्राकर और गवला खतरे से बाहर हैं। उन्हें हेलीकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि आकाश राव के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर और अंतिम संस्कार के लिए रायपुर लाया जा रहा है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, छत्तीसगढ़ शासन, पुलिस मुख्यालय, सभी नागरिक और पुलिस परिवार इस शोक की घड़ी में शहीद आकाश राव के परिजनों के साथ दृढ़ता से खड़े हैं। उनका बलिदान हमारी इस प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करेगा कि हम भाकपा (माओवादी) जैसे क्रूर एवं षड्यंत्रकारी संगठन का समूल नाश करें।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने नागपुर में पीटीआई वीडियो से बातचीत के दौरान बताया, गिरीपुंजे की सुकमा के कोंटा इलाके में हुए विस्फोट में जान चली गई। वह एक बहादुर अधिकारी थे और वीरता पुरस्कार से उन्हें सम्मानित किया गया था। शर्मा ने कहा कि किसी तरह, यदि नक्सलियों और सरकार के बीच बातचीत की स्थिति बनती है, तो इसका अंत ऐसी घटनाओं (विस्फोट का जिक्र करते हुए) से होता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह एक भी गोली नहीं चलाना चाहती है, लेकिन उन्हें (नक्सलियों को) मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए, पुनर्वास योजना का लाभ उठाना चाहिए तथा समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए।

### यूपी के गाजीपुर से पकड़ी गई सोनम रघुवंशी, राजा मर्डर केस में अब तक पत्नी समेत चार गिरफ्तार

फिलहाल राजा की पत्नी सोनम कुछ नहीं बता रही है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्रनाथ प्रसाद ने बताया कि महिला को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। वह कुछ नहीं बता रही है। मेघालय पुलिस को सूचना दे दी गई है।

इंदौर निवासी राजा रघुवंशी हत्याकांड में तीन दिनों के भीतर मेघालय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मध्य प्रदेश के रहने वाले तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया है, राजा की पत्नी सोनम को भी पकड़ा गया है। एक अन्य हमलावर की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि सोनम गाजीपुर में एक ढाबे पर बदहवास हालत में मिली थी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। गाजीपुर पुलिस का कहना है कि उसे वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मेघालय के डीजीपी का कहना है कि सोनम ने ही अपने पति की हत्या कराई थी। पुलिस ने इस मामले में सोनम समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सोनम से पूछताछ की जा रही है।

राजा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ सनसनीखेज खुलासा- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में राजा रघुवंशी के शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान मिले थे। लाश को खाई में फेंकने से शरीर की हड्डियां भी टूट गई थीं। शिलॉन्ग एसपी विवेक सिम ने इसकी पुष्टि की थी। पुलिस को घटनास्थल से ही राजा की हत्या में इस्तेमाल हथियार-दाओ भी मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, धारदार हथियार एकदम नया लग रहा है, अंदेशा है कि इसे हत्या के इरादे से ही खरीदा गया था।

गाजीपुर से सोनम रघुवंशी की गिरफ्तारी के बीच एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पिछले महीने मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले से लापता हुए इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या के लिए कथित तौर पर तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने आरोपियों को मध्य प्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया है। मेघालय पुलिस की एसआईटी ने उत्तर प्रदेश से एक आरोपी और इंदौर से दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने कुछ और लोगों के नाम बताए हैं। डीजीपी ने बताया कि एसआईटी के अधिकारी रघुवंशी की पत्नी और बाकी लोगों को पकड़ने के लिए मध्य प्रदेश में तलाशी अभियान जारी रखे हुए हैं।

इंदौर के गुमशुदा दंपती का मामला। सोनम रघुवंशी (24) वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर काशी ढाबा पर मिली। उसे प्रारंभिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और फिर गाजीपुर के वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। – अमिताभ यश, एडीजी कानून व्यवस्था, उत्तर प्रदेश।

### जदयू अध्यक्ष बोले - मुझे नहीं मालूम

2020 में भी लड़े थे अकेले, जदयू को हुआ था भारी नुकसान- गौरतलब है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में भी चिराग पासवान ने एलजेपी को एनडीए का हिस्सा बताते हुए अकेले चुनाव लड़ा था। तब उन्होंने जदयू के कई मजबूत उम्मीदवारों के खिलाफ अपने प्रत्याशी उतारे और नतीजा यह हुआ कि जदयू 80 सीटों से घटकर 43 सीटों पर सिमट गई थी। उस चुनाव में एलजेपी ने भले ही सीटें न जीती हों, लेकिन उसने जदयू के वोट बैंक में सेंध जरूर लगाई थी। अब एक बार फिर वही कहानी दोहराए जाने की आशंका जताई जा रही है। जदयू में बढ़ सकती है गहमागहमी, नीतीश ले सकते हैं एक्शन-जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अनभिज्ञता के बयान को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर कोई सख्त कदम उठा सकते हैं। क्योंकि जिस समय एनडीए की एकता और चुनावी रणनीति की जरूरत सबसे अधिक है, उसी समय घटक दलों में भ्रम और संवादहीनता पार्टी के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकती है।

20 जून को पीएम मोदी की सीवान यात्रा-इस पूरे घटनाक्रम के बीच 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीवान यात्रा प्रस्तावित है। इसे लेकर भाजपा और जदयू मिलकर तैयारियों में जुटे हैं। सीवान के एक निजी होटल में आयोजित एनडीए प्रमंडलीय बैठक में कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। लेकिन जिस समय प्रधानमंत्री का दौरा पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का कारण होना चाहिए, उसी समय चिराग के बयान और घटक दलों की चुप्पी से गठबंधन की जमीनी एकता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### केंद्र के 11 साल और यूपी के नौ साल के काम का हिसाब दे सरकारः अखिलेश

यूपी में डबल इंजन की सरकार कही जाती है पर यहां पर क्या हालात हैं। सभी एक दूसरे से टकरा रहे हैं। कमीशन के लिए झगड़ा हो रहा है। एक आईएएस अधिकारी को अंडरग्राउंड होना पड़ रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस गांव को गोद लिया था उसका विकास नहीं हो सका है। उस गांव की तस्वीर नहीं बदली है तो कहीं न कहीं सरकार के कामकाज पर सवाल उठते हैं। मुख्यमंत्री योगी फसलों का एरियल सर्वे कर रहे हैं। उन्हें किसानों के सामने जाना चाहिए और उनके सवालों का जवाब देना चाहिए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 184 शिकायतें प्राप्त, 6 का हुआ मौके पर निस्तारण

## जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील मवाना में की समाधान दिवस की अध्यक्षता



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। तहसील मवाना में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में आमजन की शिकायतों का शीघ्र निपटारा सर्वोपरि है।

समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 184 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 6 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सुलझाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश, वृद्धावस्था पेंशन, पुलिस, राजस्व, समाज कल्याण, विकास विभाग और चकबंदी संबंधी मामले प्रमुख रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सत्य प्रकाश सिंह, उपजिलाधिकारी मवाना दीपक माथुर, तहसीलदार मवाना समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# भूतपूर्व सैनिकों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## आईसीआईसीआई बैंक द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में किया गया आयोजन।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मेरठ में सोमवार को आईसीआईसीआई बैंक द्वारा भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल पंकज कौशिक रहे। कार्यक्रम का संचालन बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख पुनीत अग्रवाल और उनकी टीम ने किया। टीम ने साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ओटीपी, फर्जी कॉल और केवाईसी अपडेट के बहाने ठगी की जाती है। बैंक टीम ने उपस्थित जनों को साइबर ठगी से बचाव के उपायों से अवगत कराते हुए किसी से भी ओटीपी साझा न करने और बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखने की सलाह दी। साथ ही साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल बैंक के कस्टमर केयर से संपर्क करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन राकेश शुक्ला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# महिलाव छात्राएं राज्य महिला आयोग आपके साथ खुल कर संवाद करें : डॉ. हिमानी अग्रवाल



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल सोमवार को ₹आपके द्वार कार्यक्रम₹ के तहत मवाना पहुंचीं, जहां उन्होंने मुन्ना लाल मोहल्ला निवासी एक पीड़िता से उसके घर पर मुलाकात की। पीड़िता ने आयोग को भेजे प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके घर के पास स्थित खंडहरनुमा मकान में असामाजिक तत्व शराब पीते हैं और जुआ खेलते हैं, जिससे उसकी बेटियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। एक बेटी ने पूर्व में छेड़छाड़ के चलते स्कूल जाना बंद कर दिया था। डॉ. हिमानी ने पीड़िता को आश्वस्त किया कि राज्य महिला आयोग उसकी हर संभव सहायता करेगा और बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मौके पर ही मवाना थानाध्यक्ष को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये।स्थानीय महिलाओं ने भी मोहल्ले में बढ़ते असामाजिक गतिविधियों की शिकायत की और सख्त कार्रवाई की मांग की।

# 14 जुलाई तक ओबीसी वर्ग के युवा करें कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन।

**ओ लेवल व सीसीसी कोर्स के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की पहल।**

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**




मेरठ। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेश राय ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए ओ लेवल और सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत पात्र अभ्यर्थी 14 जून 2025 से 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस योजना का उद्देश्य ओबीसी वर्ग के युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें रोजगारोन्मुखी बनाना है। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट (10+2) निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइटों backwardwelfareup.gov.in तथा obccomputertraining.upsdc.gov.in। पर जाकर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण या फर्जी जानकारी पाए जाने पर आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे और इसकी जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी की होगी। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# घिटोरा पुस्तकालय में प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बागपत। गुर्जर प्रतिहार मिहिर भोज पुस्तकालय घिटोरा के प्रांगण में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के संयुक्त सचिव सचिन बैंसला द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल घिटोरा के प्रबंधक एवं सुप्रसिद्ध समाज सेवी रामकुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने यूपी पुलिस, दिल्ली पुलिस एवं अन्य सरकारी सेवाओं में नियुक्त प्रतिभाओं को फूल माला पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर रामकुमार शर्मा ने कहा कि समाज की प्रतिभायें इस राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है, हमे उन्हें सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई करना चाहिए। इससे पहले रामकुमार शर्मा का पुस्तकालय पहुँचने पर सचिन बैसला व उनकी टीम ने स्वागत किया। इस मौके पर करतार पहलवान, नवीन कुमार आदि समेत काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व कमांडो रमेश फौजी ने किया एक्स सर्विसमैन को सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बागपत। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बागपत द्वारा बिजरोल गांव में बाबा शाहमल के वंशज एवं पूर्व कमांडो रमेश फौजी के आवास पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रमेश फौजी ने सभी एक्स सर्विसमैन व उनके बच्चे जो यूपी पुलिस में सेलेक्ट हुए हैं तथा जिनका पढ़ाई में अच्छा रिजल्ट रहा है उन सभी का फूल माला पहनाकर तथा बाबा शाहमल का आकर्षक कलेंडर देकर सम्मान किया। साथ ही समाज के छोटे छोटे बिंदुओ पर बातचीत की। लोगों के उन बिंदुओं पर सुझाव लिए और उन बिंदुओ को आगे अमल में लाने की बात कही। जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। पूर्व कमांडो रमेश फौजी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की हर किसी ने प्रशंसा की और उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह समाज हित में आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे।

# जैन आर्यिका श्री अरशमती माताजी का चातुर्मास बडौत में, जैन समाज में हर्ष




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बागपत ।परम पूज्य आचार्य श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज के अंतिम शिष्य शिष्या, युवा प्रणेता वात्सल्यमयी वंदनीय गुरु मां गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमती माता जी ससंघ के ज्ञानार्ष अमृत रसयोग 2025 के परम पूज्य श्री अजित दिगम्बर जैन मंदिर मंडी बडौत के नेतृत्व में बडौत जैन समाज को प्राप्त हुए।

इसका समाचार बडोत के जैन समाज में हर्ष की लहर दौड़ गया। बड़ौत समाज से 350 श्रावकों से अधिक लोग रानीला में रेस्तरां में गुरु माँ के चरणों में चातुर्मास के लिए निवेदन करने गए थे। बड़ौत अनुयायियों की भक्ति को देखते हुए गुरु मां ने सहर्ष वषायीग–2025 के लिए श्री अजितनाथ मंदिर समिति मंडी बड़ौत के नेतृत्व में बड़ौत जैन समाज को चातुर्मास का आशीर्वाद दिया और अपनी ओर से प्रस्ताव दिया।

कार्यक्रम में बड़ौत नगर से सुभाष जैन,अतुल जैन,राजकुमार जैन,आशीष जैन,बोरन जैन,सुनील जैन,धनेंद्र जैन,चेतन लाल जैन,अखिलेश जैन,अंकुर जैन,अनिल जैन,बालकिशन जैन आदि साजिब जैन थे। मीडिया प्रभारी बोसोनियन जैन ने बताया कि आर्यिका श्री आर्ष मति माताजी 11 जून को रानीला से बडौत के लिए मंगल विहार दर्शन करेंगी। संभावनाः 30 जून को माताजी का संघ जिसमें बडौत में मंगल प्रवेश होगा।

# प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आने से युवक के गले पर हुआ गहरा घाव

## पुलिस नहीं रोक पा रही प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो
हापुड। जिले में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से होने वाली घटनाएं रुकने का नाम ही नहीं ले रही हैं। हापुड जनपद में खुलेआम चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही है ।जिससे गर्दन कटने की कई घटनाएं जनपद में पहले हो चुकी हैं । पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में फ्लाईओवर से जाते समय बाइक सवार युवक की गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया जिससे युवक की गर्दन में कट लग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया । चाइनीज मांझे से राहगीरों के घायल होने की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं। इस तरह चाइनीज मांझा राहगीर और वाहन सवारों की जान का दुश्मन बना हुआ है लेकिन पिलखुवा कोतवाली पुलिस चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही नहीं करती है जिसके कारण घटनाएं रुकने का नाम ही नहीं ले रहीं ।

# मेरठ पहुंचें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सोमवार को मेरठ पहुंचें। उन्होंने हिन्दू साम्राज्य दिवस समारोह को संबोधित किया और मीडिया से बातचीत की। त्रिवेदी शाम करीब चार बजे मेरठ पहुंचें।पहले उन्होंने ओलिविया होटल मे प्रेसवार्ता की, इसके बाद सीसीएसयू में आयोजित समारोह में भाग लिया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सोमवार को एकदिवसीय दौरे पर मेरठ आए। मेरठ में हिन्दू साम्राज्य दिवस समारोह को संबोधित किया, साथ ही मीडिया से बातचीत भी की। राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी शाम करीब चार बजे मेरठ पहुंचें। मेरठ पहुंचने के बाद सबसे पहले वे होटल ओलिविया में पहुंचें और मीडिया से बातचीत की। उसके बाद छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति की ओर से आयोजित हिन्दू साम्राज्य दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। शिवाजी स्मारक समिति 27 वर्षों से यह आयोजन कर रही है।

# जनहित फाउंडेशन व जिला प्रशासन ने रूकवाया बालिका का विवाह



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। एक किशोरी की हिम्मत ने उसको कम उम्र में होने वाली शादी से बचा लिया। थाना दौराला क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बालिका की आयु लगभग 16 वर्ष है, जिसने जनहित फाउंडेशन को सूचना दी कि उसके परिजन उसका बाल विवाह करने वाले है। संस्था ने मामले का संज्ञान लिया और जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना उपरांत जिला प्रशासन व जनहित फाउंडेशन की टीम गांव पहुंची और लड़की के सभी दस्तावेज देखे, जिसमें बालिका की आयु 18 वर्ष से कम थी। जनहित फाउंडेशन और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बालिका का होने वाला विवाह रूकवा दिया गया। परिजनों को हिदायत दी गयी कि बालिका का विवाह 18 वर्ष आयु होने के बाद ही करेंगें। बालिका के परिजनों से वचन पत्र भी भरवाया गया। जनहित फाउंडेशन की अध्यक्षा अनीता राणा ने बताया कि उनकी टीम का बाल विवाह मुक्त अभियान का असर दिखाई दे रहा है। समाज के लोग समय-समय पर इस तरह की सूचनाएं दे रहे हैं।

# प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश राणा का हापुड़ प्रवास



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड़ । प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश राणा , हापुड़ के भगवतीगंज में सांसद प्रतिनिधि अशोक बबली के निवास पर पहुंचे जहां उपस्थित कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ उनका भव्य स्वागत किया इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में केवल योगी सरकार है जो की विकास से विरासत की ओर अग्रसर है जिस प्रकार माता अहिल्याबाई होल्कर जी ने मंदिरों की पुनर्स्थापना की थी उस विरासत को आगे बढ़ने का काम मुख्यमंत्री योगी ने किया है। वहीं मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे हैं और देश के लिए लाभकारी सिद्ध हुए हैं। चाहे तो वह सड़कों का जाल हो चाहे स्वदेशी हथियार बनाने काम हो और अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता हो या देश को दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने का श्रेय भी प्रधानमंत्री मोदी की कार्य शैली को जाता है उन्होंने देश के विकास के लिए 18 घंटे कार्य कर-के देश को आगे बढ़ने का कार्य किया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री मोहन सिंह, कपिल सिंगल ,सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बबली, विजेंद्र पंसारी,अमित कुमार शर्मा, मनोज तोमर, सतीश सिंघल, मुदित गोयल, गौरव रुड़केवाल, सुरेश गर्ग, राघव,अनिल गर्ग ,सुनील गर्ग आदि मौजूद रहे।

# भगवान श्री राम व डॉ. अंबेडकर पर बनी आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया में की अपलोड

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड़। सोशल मीडिया पर भगवान श्री राम व भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। वीडियो को व्हाट्सएप पर स्टेटस के रूप में साझा किए जाने के बाद हिन्दू संगठनों में भारी रोष व्याप्त हो गया है। आपको बता दें कि हापुड़ के थाना देहात क्षेत्र के गांव दोयमी में रहने वाले प्रशांत पुत्र मदनलाल ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर एक आपत्तिजनक वीडियो लगाई थी जिसमें भगवान श्रीराम जी एव भारत रत्न से सम्मानित डॉ भीमराव अम्बेडकर को आपत्तिजनक नजरिए से दशार्या गया है आपत्तिजनक वीडियो को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारीयो ने थाना हापुड़ देहात पहुंच कर के वीडियो लगाने व बनाने वालों के नाम तहरीर दी और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। थाना पुलिस नें मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सहसंयोजक ऋतिक त्यागी , नगर मंत्री अरिजीत सिंघल , नगर सहसंयोजक ध्रुव कंसल , विशाल शर्मा , अभिषेक शर्मा , विकास शर्मा , आकाश प्रजापति आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।


# संपादकीय

## आर्थिक असमानता दूर करनी भी जरूरी

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी को दशार्ती है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि कही जा सकती है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं।

इसमें दो राय नहीं कि वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों से देश में आर्थिक असमानता को बढ़ावा मिला है। वहीं तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने एक छोटे वर्ग को असंगत रूप से लाभान्वित किया है। निश्चित रूप से नई आर्थिक नीतियों की विसंगतियों से उपजे असमान परिदृश्य में लाखों लोग गरीबी की रेखा से ऊपर तो उठ गए,लेकिन वे बीमारी, नौकरी छूटने या जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं जैसे संकटों के प्रति संवेदनशील बने हुए हैं। आर्थिक असुरक्षा और सामाजिक रूप से हाशिये पर रहने वाली आबादी के बड़े हिस्से के लिये यह खतरा बना हुआ है। एक मजबूत सुरक्षा कवच का अभाव इस संकट की संवेदनशीलता को बढ़ा देता है। भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान,समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। निर्धन आबादी के लिये जनकल्याण की योजनाएं जरूर चलायी जानी चाहिए, लेकिन एक वक्त के बाद सरकारी सहायता पर उनकी निर्भरता को कम करना भी उतना ही जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।

# नये कश्मीर के लिए नई उम्मीद जगाती एक ट्रेन



कटरा से श्रीनगर तक वंदे भारत ट्रेन की ऐतिहासिक शुरूआत कश्मीर के लिए मरहम भी है और साथ ही नये कश्मीर के लिए बदलाव का प्रमाण भी। पहला सबूत यह कि पहलगाम नरसंहार के विरोध में कश्मीरियों ने प्रदर्शन किया। बेशक पूर्ण राज्य बहाली की मांग के बावजूद सीएम उमर अब्दुल्ला ने नयी भूमिका से सामंजस्य बैठाया है। वहीं पीएम मोदी के भाषण में सकारात्मक-सार्थक संवाद के संकेत मिले हैं।

वर्ष 1897 में हुई सारागढ़ी की लड़ाई के एक साल बाद (वह इलाका अब पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रांत में है) और लगभग उस वक्त, जब चीन एक विदेशी शासन के खिलाफ विद्रोह (जिसे बॉक्सर विद्रोह के रूप में जाना जाता है) में लिप्त था, 1898 में डोगरा महाराजा प्रताप सिंह ने तत्परता से ब्रिटिश इंजीनियरों को रेलवे लाइन बनाने के वास्ते नियुक्त किया था, वह जो उनके राज के जम्मू संभाग को कश्मीर घाटी से जोड़ सके।

आज जब कटरा से वंदे भारत ट्रेन पहली बार श्रीनगर के लिए निकली झ जिसकी सभी टिकटें बिक चुकी थीं झ दुनिया के कुछ सबसे खूबसूरत दृश्यों के बीच से होते हुए और साथ ही हिंदू-बहुल जम्मू और मुस्लिम-बहुल कश्मीर के दिलो-दिमाग को जोड़ते हुए, तो महाराजा का वह सपना आखिरकार फलीभूत हो गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के माध्यम से रेलवे और केंद्र के सभी बुनियादी ढांचा मिशनों को आगे बढ़ाने का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी ले सकते हैं,न केवल चिनाब पर इंस्टा-रेडी आर्च ब्रिज बनाने के लिए, बल्कि जम्मू और कश्मीर घाटी के बीच 272 किलोमीटर लंबी पटरियों पर 38 सुरंगों और 927 पुलों के लिए भी।

सात जून निश्चित रूप से खास है- पाकिस्तान में आतंकियों के कई मुख्य ठिकानों पर 7 मई को किए गए हमले के ठीक एक महीने बाद, जिसमें वहां के पंजाब प्रांत के बीचों-बीच मुरीदके और बहावलपुर स्थित अड्डे भी शामिल थे, पहली बार यह रेलगाड़ी चली है। ट्रेन पर सवार यात्री पर्यटक होने से कहीं अधिक थे; वे दो विचारों के बीच मेल की जीवंत पुष्टि कर रहे थे। पहला, कि गोलियां बहादुरों को नहीं रोक सकतीं और दूसरा, कि केवल कायर ही अपने प्रतिद्वंद्वी को अपनी बात समझाने के लिए मतपत्र की बजाय उसे मिटाने के लिए गोलियों का इस्तेमाल करते हैं।

कश्मीर के लिए यह ट्रेन मरहम और प्रमाण, दोनों का काम करती है झ वास्तव में तीन किस्म का प्रमाण। पहलगाम के नृशंस नरसंहार के कारण अमीर खुसरो की जन्नत में पर्यटन लगभग ठप्प सा हो गया था। कश्मीरियों ने मस्जिदों से और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करके अपना दुख और गुस्सा जाहिर किया। यह इस बात का पहला सबूत है कि नए कश्मीर में मिजाज बदला-बदला सा है।

बेचारा असीम मुनीर। तथाकथित ह्यदो-राष्ट्र सिद्धांतह्न को दलदल से बार-बार बाहर निकालने की पाकिस्तान की हसरतों को किसी और ने नहीं बल्कि उसी कश्मीरी ने नाकाम कर दिया, जिसके नाम पर इस सिद्धांत को उछाला जाता है। वे 1947 में यह नहीं चाहते थे और 2025 में भी ऐसा नहीं चाहते। पाकिस्तान के सेना प्रमुख एक ह्यसयानेह्न व्यक्ति हैं; अब समय आ गया है कि वे कश्मीरी आवाम के इस संदेश को बूझें और समझें :ह्यकश्मीर को अकेला छोड़ दो।

मुनीर और उनके सैन्य प्रतिष्ठान को पता होना चाहिए कि पहलगाम हिंसा अनुच्छेद 370 के ताबूत में आखिरी टेढ़ी कील साबित होगा। कश्मीर के अंदर तमाम वो लोग जिन्होंने 2019 में अपने ह्यविशेष दर्जेह्न के अंत का शोक मनाया था, और आज भी ह्यआजादीह्न रूपी भ्रम में यकीन रखते हैं, आज, इस बड़े खेल के बड़े जोखिम को अब पूरी तरह से समझ गए होंगे।

शायद, प्रधानमंत्री मोदी को भी जम्मू और कश्मीर में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न होने के बाद गुजरे नौ महीनों को लेकर कुछ आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। और सवाल करें कि असीम मुनीर के ह्यदो-राष्ट्र सिद्धांतह्न के खिलाफ सबसे अच्छे हथियार के रूप में पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली, उस सूबे को क्यों नहीं दी जा सकती, जिसने लोकतंत्र के पक्ष में जी-जान से मतदान किया झ और इस प्रकार भारतीय संघ के साथ एकीकरण किया।

विडंबना का इसके अधिक सबूत क्या होगा- जब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जिन्हें अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद हर विरोध को कुचलने के उपायों के अंतर्गत 5 अगस्त, 2019 को नजरबंद कर दिया गया था, शुक्रवार को चिनाब पुल पर प्रधानमंत्री की बगल में खड़े थे और जहां उन्होंने पूछा कि उनका रुतबा एक पूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री से घटाकर केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में क्यों किया गया। जहां उनके इन शब्दों में हास्य और शालीनता, दोनों थे, वहीं दर्द भी झलक गया। आम कश्मीरी राजनेता, खासकर मुख्यमंत्री, जिसे वहां वजीर-ए-आला कहकर पुकारा जाता है, क्या वजीर-ए-आला (प्रधानमंत्री) उसे भरोसा करने लायक नहीं समझते?

सच तो यह है कि कानून एवं व्यवस्था, सुरक्षा, पोस्टिंग और अभियोजन के मामलों में लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा के पास मुख्यमंत्री अब्दुल्ला की तुलना में कहीं अधिक शक्ति है। अब्दुल्ला चाहते तो नाममात्र के मुख्यमंत्री बना दिए जाने पर अपनी भड़ास पहलगाम में साइकिल चलाकर या गुलमर्ग में स्कीइंग करके निकाल सकते थे, क्योंकि जो काम कायदे से उनका है, वह शक्ति संपन्न बना दिए गए उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा कर रहे हैं।

लेकिन उमर अब्दुल्ला ने अपने काम की रूपरेखा को फिर से गढ़ा है, नए कश्मीर का नया मुख्यमंत्री, जो उन लोगों तक पहुंच रहा है और उनका दर्द कम करने की कोशिश कर रहा है, जिन्होंने गुजरे सालों में काफी भुगता है। भगवान जाने, उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। इस काम की रूपरेखा को यह दरकार भी है कि आप अपने निजी अभिमान और अहंकार को निगल लें, खासकर इसलिए भी क्योंकि केंद्र में सत्ता में बैठे अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वियों के साथ काम करने के लिए यह जरूरी है। उनके सहयोग बिना, आपको मालूम हो कि आप कुछ भी नहीं हैं।

दूसरा प्रमाण वह है, जो दशार्ता है कि कश्मीर में चीजें कैसे बदल गई हैं। युवा अब्दुल्ला जानते हैं कि उन्हें न केवल उन्हीं प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह से राबता रखना है झ जिन्होंने उनको नजरबंद किया था- बल्कि वे एक मुरझाते हुए इंडिया गठबंधन के प्रति अपनी वफादारी के बारे में अधिक नहीं सोच सकते।

# प्रधानाचार्य को स्कूल में रहना चाहिए सक्रिय

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी ।प्रधानाचार्य को विद्यालय के समय सदैव सक्रिय रहना चाहिए। उसमें चाक, टाक व वाक के गुण होना चाहिए। ये बातें रविवार को जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश की ओर से आयोजित 10 दिवसीय प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर ने कहीं।

उन्होंने आचार्य विकास में प्रधानाचार्य की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानाचार्य आचार्य का प्रधान होता है। जिस विद्यालय में छात्र-छात्राएं 75 फीसदी से अधिक अंक पाएं, वही सफल प्रधानाचार्य माना जाता है। प्रधानाचार्य अपने आदर्श गुणों को अपने आचार्य व विद्यार्थियों में समाहित करने वाला अच्छा प्रधानाचार्य होता है। हमारे विद्यालय स्ववित्त पोषित नहीं, बल्कि समाज पोषित विद्यालय हैं। उन्होंने आचार्य के विकास में प्रधानाचार्य की भूमिका पर अपना विषय रखते हुए कि प्रधानाचार्य का दायित्व आचार्य का शैक्षिक विकास, आचार्य का अभिलेखीय विकास, आचार्य का बहुआयामी विकास, प्रशासनिक विकास व सामाजिक विकास करना है। प्रधानाचार्य को अपने सहयोगियों पर विश्वास करना चाहिए, क्योंकि विश्वास में ही विकास है। इस दौरान काशी संभाग निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, प्रांत प्रचार प्रमुख काशी संतोष मिश्र आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट में उड़ान टीम ने मारी बाजी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। जिला मुख्यालय गौरीगंज के जामों रोड पर जिला क्रिकेट संघ की ओर से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को सगरा आश्रम पीठाधीश्वर फलाहारी मौनी महाराज ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। जिला क्रिकेट संघ के निदेशक प्रांजल तिवारी ने बताया कि ड्रीम चेंजर्स क्रिकेट अकादमी व उड़ान क्रिकेट अकादमी के बीच पहले दिन का मैच खेला गया। उड़ान क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कर निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 312 रन बनाए।

जवाब में उतरी ड्रीम चेंजर्स की टीम 20 ओवर में 64 रनों पर अपने सभी विकेट गवां कर 248 रन से मैच हार गई। टीम के लिए नितिन मौर्या को छोड़ कर कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया। उड़ान क्रिकेट अकादमी के लिए सर्वाधिक निखिल जायसवाल ने 119 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच निखिल जायसवाल तो फाइटर ऑफ द मैच नितिन मौर्या रहे। इस दौरान जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, गोविंद मौर्य, कोच अमित तिवारी आदि मौजूद रहे।

# भा०जा० मि० दि० संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की पेयजल समस्या की शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी।भारतीय जाग्रति मिशन दिव्यांग संघ के रास्ट्रीय अध्यक्ष ने सुल्तानपुर रोड बाई पास अमेठी ओवर ब्रिज के पास भीषण पेयजल की समस्या को देखते हुए तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया।

सोमवार को भारतीय जाग्रति मिशन दिव्यांग संघ के रास्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया की अमेठी बाई पास ओवर ब्रिज के पास भीषण पेयजल की समस्या व्याप्त होने के कारण आम जन मानस को काफी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है साथ ही उपरोक्त स्थान पर मजदूरो की मंडी लगती है चुकी वर्तमान समय मे भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे पेयजल समस्या विकराल रूप ले चुकी है संगठन के रास्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने आज तहसील पहुंच कर सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिला अधिकारी महोदय के नाम प्रार्थना पत्र दिया जिस पर उप जिला अधिकारी आशीष सिंह ने उपरोक्त समस्या के समाधान हेतु नगर पंचायत कार्यालय को निर्देशित किया अगर जल्द ही उपरोक्त स्थल पर हैंड पम्प नहीं लगाया गया तो संगठन नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगी जिसकी जिम्मेदारी नगर पंचायत कार्यालय की होंगी।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हुई बैठक

## प्रभाकर उपाध्याय बनाये गए जिला महामंत्री




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जनपद अमेठी कंछल गुट की बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई पदाधिकारी मनोनीत किए गए। इस बैठक में नगर के पदाधिकारियों ने जिला महामंत्री पद के लिए प्रभाकर उपाध्याय का नाम प्रस्तावित किया। जिलाध्यक्ष ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार किया। संगठन के विस्तार के तहत मिश्रौली और ठेंगहा बाजार के लिए पदाधिकारी मनोनीत किए गए। बुद्धि प्रकाश बरनवाल को अध्यक्ष मिश्रौली बाजार और नूर अहमद को महामंत्री मनोनीत किया गया।

**बैठक में नगर के पदाधिकारियों ने जिला महामंत्री पद के लिए प्रभाकर उपाध्याय का नाम प्रस्तावित किया।**

जिलाध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा और फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

नए पदाधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर संगठन मंत्री शिवम प्रजापति, कोषाध्यक्ष संजीव जायसवाल, देवेंद्र सिंह मुन्ना, दीपक आर्य, संदीप कसौंधन, राजकुमार जायसवाल, विनोद अग्रवाल, घनश्याम सोनी आदि उपस्थित रहे।

# कस्बे में अतिक्रमण बना जाम का कारण

## अधिवक्ता ने संपूर्ण समाधान दिवस में उठाई आवाज



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। कस्बे में अस्पताल चौराहे से लेकर सगरा हिराहा मार्ग तक प्रतिदिन लगने वाला जाम अब आम जनजीवन के लिए मुसीबत बन गया है। खासकर गर्मी के दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले चुकी है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों मरीज, स्कूली बच्चे, व्यापारी और आम नागरिक गुजरते हैं, लेकिन अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात के कारण सबको भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस गंभीर समस्या को देखते हुए स्थानीय अधिवक्ता राजेश मिश्र ने सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन से इसकी शिकायत की। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग के दोनों किनारों पर दुकानदारों और ठेलेवालों द्वारा किया गया अतिक्रमण ही जाम का मुख्य कारण है। दुकानों का सामान नाली पर बने पटरी तक ही नहीं, बल्कि उससे आगे सड़क पर तक फैला होता है, जिससे वाहनों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। इसके अतिरिक्त कई वाहन चालक भी अपनी गाड़ियाँ सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं।

राजेश मिश्र ने प्रशासन से मांग की कि अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस और टाउन एरिया की संयुक्त टीम गठित कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि कस्बे को अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके और आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# डीएम ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज का किया औचक निरीक्षण





**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

अमेठी, तिलोई । सोमवार को जिलाधिकारी ने तिलोई में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को मानकों के अनुसार समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संजय चौहान ने एकेडमिक ब्लॉक, प्रशासनिक ब्लॉक, आवासीय ब्लॉक, लैब, वाहन पार्किंग स्थल, रोड निर्माण, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और नाले की सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया और कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने की हिदायत दी।मेडिकल कॉलेज का निर्माण लोक निर्माण विभाग अयोध्या द्वारा 16.5 एकड़ भूमि पर किया जा रहा है, जिसमें 300 बेड का अस्पताल, 100 सीटों वाला मेडिकल कॉलेज, एकेडमिक ब्लॉक, बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल आदि शामिल हैं।जिलाधिकारी ने कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी और समय पर कार्य पूरा करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस

# कोई भी फाइल 3 दिनों से अधिक न रोकी जाए : डीएम



**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली की तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम तहसील दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों के रजिस्टर को देखा तथा एक-एक कर शिकायतकताओं से वार्ता भी की जिस पर उन्होने पाया कि कुछ शिकायतों का निस्तारण अभी तक नही हो पाया है परन्तु रजिस्टर पर निस्तारित दिखा दी गई है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए।

उन्होंनें कहा कि अक्सर यह देखने में आता है कि शिकायतकर्ता मुख्यमंत्री जी के जनता दरबार में उपस्थित होकर अपनी समस्या बताते हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारी जनता दर्शन, थाना व समाधान दिवस में नही बैठते हैं जिस पर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुये जनता दर्शन, समाधान दिवस, थाना दिवस में उपस्थित रहकर शिकायताकताओं की समस्या का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाये उसकी आख्या रजिस्टर में अवश्य अंकित की जाए। मुख्यमंत्री जी के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी फाइल 3 दिन से अधिक रोकी न जाए। उन्होने कहा कि ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे कि जिला प्रशासन की छवि खराब हो।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 'कुमुद' जी की जयंती पर डॉ. महेश 'मधुकर' की पुस्तकों का हुआ लोकार्पण



**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो।**

बरेली। साहित्यकार ज्ञान स्वरूप 'कुमुद' स्मृति- सम्मान समिति, बरेली के तत्वावधान में कुमुद- जयंती पर स्थानीय लोक खुशहाली सभागार में डॉ. महेश 'मधुकर' की काव्य कृति द्वय का लोकार्पण, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता रामपुर के वरिष्ठ साहित्यकार जितेंद्र कमल आनंद ने की। मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं खुशलोक अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद पागरानी रहे । संचालन कवयित्री किरन प्रजापति दिलवारी ने किया। माँ शारदे एवं 'कुमुद' जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ नव गीतकार रमेश गौतम, रामपुर से पधारे वरिष्ठ गीतकार शिव कुमार 'चंदन' एवं वरिष्ठ हास्य- व्यंग्यकार पी.के. 'दीवाना' को ज्ञान स्वरूप 'कुमुद' साहित्य शिरोमणि सम्मान से विभूषित किया गया सम्मान स्वरूप उत्तरीय, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह रचयिता डॉ. महेश मधुकर एवं संस्थापक/ महासचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी को चेयरमैन प्रतिनिधि ने पद ग्रहण की दी बधाई



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। सोमवार को नवनियुक्त कुमार संजय डिप्टी कलेक्टर द्वारा नगर पंचायत शाहबाद में अधिशासी अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया गया अध्यक्ष पति एवं स्वच्छता प्रेरक वसीम खान द्वारा उनका बुकलेट देकर स्वागत किया गया इसके पश्चात अधिशासी अधिकारी द्वारा समस्त कर्मचारियों की मीटिंग ली गई तथा अपने-अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने के आदेश दिए गए कि किसी भी कर्मचारी द्वारा किसी भी प्रकार की कार्य में लापरवाही करते बर्दाश्त नहीं की जाएगी! इस अवसर पर लिपिक नावेद मिया,प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन मुजीब मिया, कंप्यूटर आपरेटर रेहान अहमद एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे!

# पीडीए समाजवादी पार्टी का मूल मंत्र इसकी ताकत को पहचानोः दिग्विजय देव

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली ,समाजवादी पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक आज पार्टी कार्यालय, मिशन कंपाउंड, सिविल लाइन्स में आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि छात्रसभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं आंवला विधानसभा के प्रभारी दिग्विजय देव रहे। उन्होंने कहा समाजवादियों का संघर्ष का इतिहास है और कोई वैचारिक आंदोलन होता है, तो उसमें जाति नहीं, बल्कि विचारों के सिद्धांत महत्वपूर्ण है उन्होंने पीडीए को समाजवादी आंदोलन की आत्मा बताते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन का



आधार है और पीडीए की भागीदारी सत्ता परिवर्तन का आधार बनेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। पूर्व विधायक सुल्तान बेग ने अपने वक्तव्य में बढ़ती महंगाई और लोकतंत्र को कमजोर करने वाले जनविरोधी चुनावी फैसलों पर चिंता व्यक्त की। पूर्व विधायक विजय पाल ने एकता और अनुशासन को पार्टी की पहचान बताते हुए कार्यकताओं से संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। मीटिंग का संचालन जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने किया बैठक में जिला उपाध्यक्ष,रविन्द्र यादव,मनोहर पटेल, बृजेन्द्र यादव,डॉ अनीस बेग,डॉ देवेंद्र यादव, और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में 12 शिकायती पत्र आए जिसमें 2 का मौके पर ही किया निस्तारण



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। शाहबाद में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने लोगों की जनसमस्याओ को सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 शिकायती पत्र आए जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सीओ हर्षिता सिंह, तहसीलदार राकेश चंद्रा, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, नायब तहसीलदार अंकुर अत्तल, बीडीओ प्रमोद कुमार आदि रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर योजना शुरू के परिजनों को मिलेगी छूट



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झांसी स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल में ऑपरेशन सिंदूर योजना का शुभारंभ किया गया ।

इसके तहत अब रक्षा कर्मियों और उनके परिवार के लोगों को अस्पताल की सेवाओं पर 15% की छूट मिलेगी ।

बुंदेलखंड के पहले पीपीपी मोड पर संचालित अस्पताल में 50 बेड का आईसीयू 200 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल संचालित है । यहां पर सस्ती दरों पर खून की जांच एक्सरे अल्ट्रासाउंड सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध है । यहां पर वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा ओपीडी में परामर्श दिया जाता है अस्पताल में बने मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा कर ऑपरेशन सिंदूर के तहत दी जाने वाली सुविधाओं का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ ब्रिगेडियर अमित सरीन कमांडेंड मिलिट्री अस्पताल कर्नल निखिल सचदेवा, सांसद अनुराग शर्मा, मेयर बिहारी लाल आर्य नगर सत्य प्रकाश ने किया ।

## देर रात शाहबाद में बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत, एक घायल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। शाहबाद -बिलारी स्टेट हाइवे पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। दोनों लोगों को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने घायल का उपचार किया रविवार देर रात शाहबाद- बिलारी स्टेट हाइवे पर बिजपुरी मोड़ के पास बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई।

भिड़ंत में धीमरो का मझरा निवासी हरपाल और कुंदरकी बगरूआ के इमरान की मौत हो गई, जबकि किशनपुर निवासी रिंकू जख्मी हो गया। एम्बुलेंस की मदद से हरपाल और रिंकू को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हरपाल को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल रिंकू का उपचार शुरू किया। सूचना पर दोनों के परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किया बैंकों का निरीक्षण



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद ।पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, यूनियन बैंक, किसान ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक आदि के साथ-साथ अन्य सभी बैंकों का निरीक्षण किया और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, सायरन और अग्नि शमन यंत्रों को दुरुस्त रखने के साथ-साथ बैंक ग्राहकों को ऑनलाइन ठगी का शिकार होने से बचाने के निर्देश बैंक कर्मचारियों को दिए। इसके साथ ही बैंकों में आए ग्राहकों को भी पुलिस क्षेत्र अधिकारी द्वारा सलाह दी गई कि वह अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर लॉक लगाकर खड़ा करें ताकि वाहन के चोरी होने का डर भी ना रहे । किसी भी समस्या के लिए बैंक मैनेजर से संपर्क करें और अपनी समस्या का समाधान करें।

# दादा करम अली शाह के 138 वें उर्स का हुआ आगाज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। बिलारी नगर के मोहल्ला बाजार स्थित दादा कारण अलीशा की दरगाह के 138वें उर्स का शुभारंभ हो गया है, जिसका उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा और जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दादा करम अली शाह के उर्स में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन भानू के प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मिर्जा गालिब आजाद और जिला अध्यक्ष मुरादाबाद दानिश पाशा ने फीता काटकर और चादर पोशी कर उर्स का आगाज किया।

दरगाह परिसर में मिलाद कार्यक्रम का आयोजन किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि सूफी संतों की



दरगाह से अमन का पैगाम मिलता है, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को कोई समस्या नहीं आए इसको लेकर उन्होंने विशेष दुआ की, उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की लोगों की खिदमत के लिए हर समय तैयार हैं। इसके बाद दरगाह परिसर में मिलाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस मौके पर डॉक्टर राशिद अत्तारी ने मुल्क और मिल्लत की तरक्की के लिए विशेष दुआ कराई। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद इशहाक अंसारी, रईस अहमद लटूरी, रईस अहमद अंसारी, इकरार हुसैन मंसूरी, मोहम्मद यासीन मनकुला वाले, हाजी मोहम्मद इमरान, प्रदेश मंत्री मोहम्मद यासीन, अब्दुल कदीर, मोहम्मद इश्तियाक, साबिर हुसैन, मोहम्मद अकरम आदि सहित अनेक अकीदतमंद मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रा से पहले ट्रेनें फुल स्पेशल गाड़ियों में लंबी वेटिंग

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली होते हुए जम्मू, श्री माता वैष्णो देवी कटरा और उधमपुर के लिए अप–डाउन 38 के अलावा आठ विशेष ट्रेनों का भी संचालन किया जा रहा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला और भारत–पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव के कारण जम्मू की ट्रेनों में टिकट बुकिंग का आंकड़ा अचानक घट गया था। अब हालात सामान्य होने लगे हैं। इस बीच अमरनाथ यात्रा की तारीख की भी घोषणा हो चुकी है। ऐसे में अचानक जम्मू की ट्रेनों में बुकिंग तेज हो गई है। कई ट्रेनों में नो रूम के कारण बुकिंग बंद हो गई



है। बरेली से जम्मू, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा और उधमपुर के लिए रोजाना औसतन 500–700 टिकट की बुकिंग हो रही है। यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण रेलवे ने तीन जोड़ी विशेष ट्रेनों के संचालन में भी विस्तार किया है।

**विशेष ट्रेनों में भी धड़ाधड़ बुकिंग**

04603 वाराणसी–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष ट्रेन, 05193 छपरा–उधमपुर विशेष ट्रेन की स्लीपर श्रेणी में वेटिंग 125 तक पहुंच चुकी है। 04605 गुवाहटी–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष ट्रेन में भी जुलाई के पहले सप्ताह तक कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। 03221 राजगीर–उधमपुर विशेष ट्रेन की स्लीपर, एसी तृतीय और द्वितीय श्रेणियों में वेटिंग लिस्ट लगातार लंबी हो रही है।

# हसनपुर में किसानों का बिजली घर पर धरना:कई गांवों में 2-3 घंटे ही बिजली, 12 घंटे निरंतर आपूर्ति की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा के हसनपुर नगर में गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर पर भारतीय किसान संघ ने धरना दिया। किसानों का कहना है कि हसनपुर देहात के चकौरी, झकड़ी, मोहम्मदपुर बंगर और रामपुर भूड़ समेत कई गांवों में पिछले तीन दिनों से केवल दो से तीन घंटे ही बिजली आ रही है।

अधिक वोल्टेज की समस्या-किसानों ने कम से कम 10-12 घंटे लगातार बिजली आपूर्ति की मांग की है। कई गांवों में ट्रांसफॉर्मर खराब हैं, जिससे कभी कम तो कभी अधिक वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। हर घर नल योजना के तहत बनी पानी की टंकियां बिना बिजली के निष्क्रिय पड़ी हैं।

किसानों ने अन्य समस्याएं भी उठाईं। रामपुर भूड़ से डगरपुरी तक की सड़क की



खराब स्थिति से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। लेखपालों द्वारा जमीन के अंश बटवारे में गलतियां की गई हैं, जिनके सुधार के लिए गांव-गांव कैंप लगाने की मांग की गई है।

तत्काल समाधान की मांग-

धरने में एसडीओ और विद्युत जेई से बिजली समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, धर्मपाल सिंह चौहान, महिपाल सिंह, जयप्रकाश शर्मा, रोहतास सिंह, चरन सिंह, सतीश कुमार, धर्मेंद्र सिंह और कोविंद्र सिंह चौहान सहित अन्य किसान मौजूद रहे

# इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट डालने वाला युवक बना गुस्से का केंद्र, दोनों समुदायों में आक्रोश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव सकटुनंगला में रहने वाले युवक बाबू द्वारा इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट किए जाने से गांव में तनाव का माहौल बन गया है। बाबू की इस हरकत से न सिर्फ हिंदू समुदाय, बल्कि मुस्लिम समुदाय के लोग भी नाराज हैं और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

गांववासियों ने इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा को शिकायत दी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत सब–इंस्पेक्टर मदन को जांच सौंप दी। जांच के दौरान साक्ष्य पुख्ता पाए गए और युवक बाबू के खिलाफ आईटी एक्ट और धार्मिक भावनाएं भड़काने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति–गुस्साए ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे समय में, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है, इस तरह की पोस्ट करना देशद्रोह के समान है। बाबू की इस हरकत ने गांव के शांत माहौल को बिगाड़ दिया है। इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे हिरासत में लिया जाएगा। ग्रामीणों की मांग है कि आरोपी पर देश विरोधी गतिविधियों के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

## मंडलायुक्त व डीआईजी ने माधौगढ़ तहसील का किया औचक निरीक्षण

# फाइलों का रखरखाव हो सुव्यवस्थित,अंश निर्धारण की त्रुटियाँ हों त्वरित दुरुस्तः मंडलायुक्त

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

जालौन, माधौगढ़ । मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने माधौगढ़ तहसील का औचक निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समाधान दिवस से संबंधित प्रकरणों, भूमि अभिलेखों, वरासत एवं नामांतरण की प्रविष्टियों तथा दाखिल खारिज से जुड़ी शिकायतों की प्रगति का गहन निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने विशेष रूप से अंश निर्धारण में पाई जा रही त्रुटियों पर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों की गहराई से समीक्षा कर विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र व निष्पक्ष निस्तारण हो सके। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों की शुद्धता ही ग्रामीण विकास की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। मंडलायुक्त ने कार्यालयों में फाइलों के रखरखाव, दस्तावेजों की उपलब्धता, उनके क्रमवार संधारण तथा दैनिक कार्यों की एंट्री रजिस्टर का भी अवलोकन किया। मंडलायुक्त ने कहा कि आम जनता को उनके राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, यह जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों की है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# व्रन्दावन में तीर्थ पुरोहित महासभा का ऐलान



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में प्रस्तावित कॉरिडोर और न्यास को लेकर चल रही खींचतान के बीच अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया है। साथ ही एलान किया है कि 4 जुलाई को वृंदावन में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने रविवार को प्रेसवार्ता में सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब सत्ता में नहीं थे तब मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण का विरोध करते थे फिर अब बांकेबिहारी मंदिर के अधिग्रहण की कोशिश क्यों की जा रही है। महासभा ने भीड़ प्रबंधन के लिए कॉरिडोर को एक हद तक उचित बताया लेकिन सेवायतों पर न्यास थोपे जाने का विरोध किया। उन्होंने इसे परंपराओं और सेवायतों के अधिकारों में हस्तक्षेप बताया। महेश पाठक ने सुझाव दिया कि सरकार वृंदावन की आबादी से दूर 25झ30 एकड़ भूमि दे, जहां एक नया भव्य मंदिर बनाया जाए। इससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और वृंदावन के प्राचीन स्वरूप का भी संरक्षण होगा। महासभा ने घोषणा की कि प्रयागराज, वाराणसी, रामेश्वरम, बैजनाथ धाम सहित देश के 90 से अधिक तीर्थ स्थलों के प्रतिनिधि 4 जुलाई को वृंदावन में एकत्र होकर विरोध करेंगे। राकेश चतुर्वेदी, विनोद चतुर्वेदी, संजय चतुर्वेदी, मनोज शर्मा, गोस्वामी समाज के गोपेश गोस्वामी, गोपी गोस्वामी, रजत गोस्वामी, हिमांशु गोस्वामी, सोमनाथ, आकाश, नितिन आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने सुनीं जन समस्याएं

## संपूर्ण समाधान दिवस पर 32 शिकायतें दर्ज, 5 का हुआ मौके पर निस्तारण।




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

जालौन, माधौगढ़। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे व पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) केशव कुमार चौधरी ने माधौगढ़ तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निष्पक्ष व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु संबंधित विभागों को सौंपा गया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य मात्र औपचारिकता न होकर जनता को वास्तविक राहत प्रदान करना होना चाहिए। वहीं डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने पुलिस से संबंधित मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज सिंह सहित राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 जून को फरह के परखम आएंगे डॉ. मोहन भागवत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 12 जून को फरह के परखम में आयोजित संघ के सामान्य वर्ग प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने आएंगे। वह यहां तीन दिन प्रवास करेंगे। उनके आगमन को लेकर आला अधिकारी सतर्क हो गए हैं। साथ ही संघ के पदाधिकारी भी तैयारियों में जुट गए हैं। फरह के गऊ ग्राम परखम स्थित दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में संघ का सामान्य वर्ग प्रथम का प्रशिक्षण चल रहा है। यह प्रशिक्षण 28 मई से शुरू हुआ है। इसमें तीन प्रांतों के पदाधिकारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण 18 जून तक चलेगा। इसमें मेरठ, उत्तराखंड और ब्रज प्रांत के पदाधिकारी शामिल हुए हैं। इनको 28 मई से प्रतिदिन पूर्ण गणवेश में योगाभ्यास समेत संघ की अन्य पद्धति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संघ के नियमानुसार प्रथम वर्ग प्रशिक्षण में 45 साल से कम आयु के प्रशिक्षु शामिल रहते हैं। दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के मंत्री हरिशंकर ने बताया है कि प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के बाद संघ प्रमुख 12 जून को यहां पहुंचेंगे। वह यहां तीन दिन तक प्रवास कर सकते हैं। 13 जून को यहां संघ की शाखा टोली एकत्रीकरण होगा। इसमें सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित होंगे। उन्हें संघ प्रमुख संबोधित भी करेंगे। यहां संघ की कार्ययोजना के साथ-साथ विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन होगा। साथ ही प्रशिक्षुओं को संघ की पद्धति के बारे भी बताया जाएगा। इधर, संघ प्रमुख के आने को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है।

# गोवंश के अवशेष मिलने के मामले में 74 पर केस दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। गोवर्धन में बरसाना रोड स्थित ईदगाह के पास शनिवार शाम गोवंश के अवशेष मिले थे। मामले में गोरक्षक धीरज कौशिक की तहरीर पर पुलिस ने 24 नामजद व 50 अन्य लोगों के खिलाफ थाना गोवर्धन में केस दर्ज किया है। 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। रविवार को भी मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुटे। तनाव को देखते हुए पीएसी व अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। शाम हिन्दू संगठनों के लोगों ने गोकटान का आरोप लगाते हुए बरसाना मार्ग पर हंगामा किया। भीड़ कम हुई तो देररात 1 बजे एसएसपी श्लोक कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। एसएसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इलाके में तनाव को देखते हुए पीएसी व अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में साकिर उर्फ वीआईपी, समीर, सोहिल, अनवर, इंतजार, अंसार, पिन्टू, आसीन, ओशो, स्टार, फाजल, शाहरूख, हन्नी कुरैशी, आरिफ, धौसी, बाबू, घोसी, सनी, उस्मान, फिरोज, रशीद, चांद, फारूख, सोहेल व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इंतजार, उस्मान, फारुख, सोहिल, अंसार, आसीन, साकिर, पिंटू, फिरोज, सनी, शेखर को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस पर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई के कड़े निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

जालौन,कालपी। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल सहित संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि चकरोड से जुड़ी शिकायतों का विशेष अभियान चलाकर 15 दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय देना है, अतः सभी विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी मौके पर मौजूद अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनसुरक्षा से जुड़ी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, उप जिलाधिकारी सुशील सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला जनसुनवाई का आयोजन 11 जून को।

ललितपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीडत्त की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता हेतु दिनांक 11 जून को प्रातः 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस मे मा० सदस्या, उ०प्र० राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल के द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक ?आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीडन्त की घटनाओं की समीक्षा ध्महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# विद्यालय में नामांकन से छूटे बच्चों से बात करने उनके गांव पहुंचे डीएम

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**



ललितपुर । जनपद में कक्षा 8 उत्तीर्ण प्रत्येक बच्चे को कक्षा 9 में प्रवेश दिलाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अनोखी पहल शुरू की है, जिसके अंतर्गत प्रवेश से बंचित हर बच्चे को चिनित कर बाधाओं को दूर करते हुए विद्यालयों में नामांकन करवाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने जनपद स्तर, ब्लॉक स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियों कर्मचारियों की टीमें तैनात की हैं, जो कक्षा 9 में प्रवेश न लेने वाले बच्चों का चिन्हांकन कर रहे हैं और प्रवेश न लेने के कारण का पता लगाते हुए उस कारण का निस्तारण करा रहे है, तत्पश्चात हर छूटे हुए बच्चे को विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। इसी उद्देश्य के साथ बीते दिवस को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकासखंड तालबेहट के ग्राम तरई फाटक के उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीण बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ वार्ता की। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आज के समय में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, जनपद में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा, कोई भी कारण बच्चों की शिक्षा में बाधा नहीं बनना चाहिए, आप में से कई लोगों को शिक्षा के लिए इतनी सुविधाएं शायद नहीं मिली होंगी, परंतु आज आपके ही गांव में राजकीय विद्यालय मौजूद हैं, इसलिए अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं, बच्चे शिक्षित होगे तो भविष्य में शासकीय सेवाओं या स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे और समाज में एक सम्मानजनक जीवन जीयेंगे।

# कन्ट्रोल रूम में दर्ज शिकायतों का नहीं हो रहा निस्तारण, लगा है शिकायतों का अंबार

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

ललितपुर। भीषण गर्मी के मौसम में शहर क्षेत्र में पेयजल संकट दिनों दिन गहरा रहा है। शहरवासियों द्वारा पेयजल संकट के निराकरण की लगातार मांग की जा रही है। लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर उदासीन बने हुए हैं। जिस कारण परेशान लोग विकास भवन स्थित कन्ट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करा रहे हैं। भले ही कन्ट्रोल रूम में दर्ज शिकायतों के निस्तारण के लिए चौबीस घंटे के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन अधिकांश शिकायतें लंबित पड़ी हुयीं हैं। जिससे लगता है कि कन्ट्रोल रूम दिखावे के लिए बनाया गया हो। शिकायकताओं द्वारा 15 दिनों से नलों से पानी न आने सहित लंबे समय से खराब पड़े हैंडपंपों की शिकायत की जा रही है। भले ही जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशील वार्ड घोषित किए गए हैं। इन वार्डों में पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। इसके बाद भी पेयजल संकट लगातार बना हुआ है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला मऊठाना निवासी शोभा जैन ने शिकायत दर्ज करायी है कि उनके मोहल्ले में लगातार 15 दिनों से नलों से पानी नहीं आ रहा है। हैंडपंप खराब पड़े पड़े हुए हुए हैं। हैं। अनेकों बार जल संस्थान को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई। आजादपुरा, लेडिया पुरा निवासी रविन्द्र तिवारी ने शिकायत दर्ज कराते हुए एक सप्ताह से नलों से पानी न आने की बात कही है। इसी प्रकार पटेलनगर निवासी सम्राट पटेल ने भी नलों से पानी न आने की शिकायत दर्ज करायी है। वार्ड नंबर 1 के पार्षद सोनू यादव ने वार्ड में अनेक स्थानों पर लगे हैंडपंप खराब होने की शिकायत की है।

# जयमाला से पहले सालियों ने की ऐसी हरकत, टूट गई शादी...दुल्हनों ने नहीं लिए सात फेरे, दूल्हे लौटे निराश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। टैंटीगांव में फेरों से पूर्व दुल्हनों ने दूल्हों को नापसंद कर दिया। इससे घराती और बरातियों में अफरा-तफरी मच गई। समझाने और मनाने के साथ पंचायतों का दौर चला। जब बात नहीं बनी तो लड़की पक्ष के लोग घर लौट गए। सुरीर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के दो बेटों की शादी आगरा के न्यू नगला पदी निवासी दो युवतियों के साथ तय हुई थी। गोद भराई की रस्म के समय शादी की तारीख 7 जून तय हुई। टैंटीगांव स्थित एक फार्म हाउस में शनिवार को शादी की तैयारियां चल रहीं थीं। लड़की पक्ष के लोग युवतियों और परिजनों को लेकर टैंटीगांव पहुंच गए। दोनों पक्षों के लोग शादी समारोह में खाना-पीना खा रहे थे। जयमाला और फेरों की तैयारियां चल रहीं थीं, तभी दुल्हनों ने शादी करने से इंकार कर दिया। दुल्हनों को समझाया, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रहीं। दूल्हा पक्ष का आरोप है कि दुल्हनों को समारोह में आईं उनकी फुफेरी बहनों ने दूल्हों के विषय में भड़का दिया। इसके चलते दुल्हनों ने शादी से इंकार कर दिया। फार्म हाउस में चल रहे हंगामे की सूचना पर चौकी प्रभारी अजीत मलिक पहुंच गए और जानकारी की। सुबह तीन बजे तक पंचायत चली, जब युवतियां शादी के लिए राजी नहीं हुई तो कन्या पक्ष के लोग अपने घर लौट गए। मांट सीओ गुंजन सिंह ने बताया कि युवतियों को लड़के पसंद नहीं आए। इसके कारण उन्होंने शादी से इंकार कर दिया। दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इसके बाद कन्या पक्ष के लोग घर लौट गए।

# हिंदू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाने वाला ऑटो चालक गया जेल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। शहर कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर उनके अश्लील फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने और भड़काऊ पोस्ट करने के कारण मुस्लिम युवक के खिलाफ संगठनों में आक्रोश है। शनिवार की रात को संगठन के लोगों ने भरतपुर चौकी क्षेत्र में प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने मुस्लिम युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के मछली मोहल्ला का रहने वाला इमरान ऑटो चलाता है। वह नाम बताकर युवतियों को फंसाता था और उनके अश्लील फोटो व वीडियो बनाता था। इसके बाद अश्लील फोटो को इंटरनेट मीडिया में भड़काऊ पोस्ट के साथ लगाता था। मामले की जानकारी संगठनों को हुई तो लोगों में आक्रोश फैल गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शनिवार रात 10 बजे बजरंग दल, धर्म जागरण समन्वय, बांके बिहारी गोसेवा संस्थान टीम गोरक्षक के कार्यकताओं ने भरतपुर गेट चौकी पर विरोध-प्रदर्शन किया और पुलिस को मामले से अवगत कराया। इसके बाद धर्म जागरण समंवय के संयोजक विष्णु चौहान ने आरोपी के खिलाफ प्रार्थना-पत्र दिया। कार्यकताओं ने बताया कि आरोपी युवतियों को स्कूल-कॉलेज छोड़ने के बहाने ऑटो से लेकर जाता है। किराया नहीं लेकर उनको अपने जाल में फंसाता है। इसके बाद उन पर दबाव बनाकर अश्लील हरकतें करता है और उनके वीडियो बनाता है। इसके बाद उनको ब्लैकमेल करता है। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके रविवार शाम भरतपुर गेट के पास से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। युवक को कोर्ट में पेश किया, यहां से उसे जेल भेज दिया।

# कुटुंब प्रबोधन गतिविधि का आयोजन, परिवारों को संस्कारित करने का लिया संकल्प

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। सोमवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कुटुंब प्रबोधन गतिविधि की एक महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी नगर खंड के संयोजक और प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में सह प्रांत संयोजक बालकृष्ण ने कुटुंब प्रबोधन के कार्यों को हर परिवार तक पहुँचाने के लिए कार्यकताओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर हर घर तक संपर्क बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है,ताकि हिंदू परिवार संस्कारित और सशक्त हो सकें। साथ ही, उन्होंने सभी नगर खंडों में छोटे-छोटे पारिवारिक गोष्ठियाँ आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।बैठक के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक आलोक ने आशीर्वचन स्वरूप सभी को मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रातः संयोजक विनय कुमार,विभाग संयोजक देवदत्त,सह विभाग संयोजक मांगेराम,जिला संयोजक अनिल और शुभम सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# योग प्रशिक्षिका दिप्ती तोमर एवं योग सहायक अभिषेक आर्य द्वारा कराया गया योगाभ्यासं

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



कांधला। थाना क्षेत्र के हाजीपुरदुग्डा प्रांगण में ग्रामीणों को चौथे दिन भी आयुष आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत चौथे दिन भी योगाभ्यास कराया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर ईस्म पाल के निर्देश में डॉक्टर सुधीर कुमार ने चिकित्स एवं योग शिविर का आयोजन किया। योग प्रशिक्षिका दिप्ती तोमर एवं योग सहायक अभिषेक आर्य द्वारा योग अभ्यास कराया गया।इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के समय में मनुष्य को अपनी फिटनेस व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इसका सबसे बेहतर उपाय मात्र योगा है,जिसने भी योगा को अपनाया वही निरोगा बना है।इस दौरान शिविर में आने वाले लोगों को चिकित्सकों द्वारा ग्रीष्म ऋतु से संबंधित बीमारिया अतिसार लू लगना कोरोना ओर पानी की कमी आदि की जानकारी दी गई और अन्य बीमारियों से बचाव हेतु उन्हें जागरूक किया गया।

## शामली में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी जनजीवन प्रभावित

शामली। शामली में पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन के साथ-साथ कारोबार को भी बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है, जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। गर्मी का असर कपड़ों की दुकानों से लेकर खानपान के व्यवसाय तक साफ देखा जा सकता है। सोमवार को मौसम का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया। तापमान बढने से लगने लगा है कि दोपहर के समय तो जैसे आसमान से आग बरस रही हो। तेज गर्म हवाओं के चलते लोग जरूरी कामों को भी टालने लगे हैं।

## दिव्यांग बचो को दिया जाये सरकारी योजनाओं का लाभ : जिला अधिकारी

शामली।डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए प्रत्येक जनपद में विकास खण्ड स्तर पर शिविर का आयोजन कर उनके चिकित्सकीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 10 जून से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया इस अभियान में सभी विकास खण्ड परिसरों में चिन्हांकन शिविर का आयोजन पूर्वाहन 10.30 बजे से अपरान्हन 4 बजे तक किया जायेगा। जिसमें विकास खण्ड प्रांगण शामली में 10 जून, विकास खण्ड प्रांगण थानाभवन में 11 जून, विकास खण्ड प्रांगण ऊन में 12 जून, विकास खण्ड प्रांगण कांधला में 13 जून, विकास खण्ड प्रांगण कैराना में 19 जून को शिविर का आयोजन किया जायेगा। चिन्हांकन शिविर में सीएमओ द्वारा चिकित्सकीय दल का गठन कर दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जायेगा। दिव्यांग मेडिकल बोर्ड द्वारा उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड निर्गत किये जायेंगे।

# सभासदों ने कैराना में नये बिजली घर बनाये जाने की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। गर्मी के मौसम में विद्युत संकट से परेशान नागरिकों के लिए पालिका सभासदों ने एक नया बिजली घर बनाने की मांग की है।

सोमवार को तहसील सभागार कक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे पालिका के आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने एसडीएम निधि भारद्वाज को एक मांग पत्र दिया। सभासदों ने मांग पत्र देते हुए बताया है कि नगर में पिछले कई दिनों से ओवरलोडिंग के कारण विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ढ़ह गई है,जिससे आम जनमानस को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बिजली संकट ने नागरिकों के दैनिक जीवन को प्रभावित किया है। भयंकर गर्मी के चलते लोग परेशान हैं और बिजली की अनियमित आपूर्ति से स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए नगर में एक नया बिजली घर बनाने के लिए सरकारी जमीन आवंटित करने की मांग की हैं। सभासदों ने एसडीएम को बताया कि नगर क्षेत्र में पालिका की कई जगहें ऐसी हैं जहां सरकारी जमीन उपलब्ध है। यदि उस जमीन का सही उपयोग किया जाए,तो नये बिजली घर के निर्माण की प्रक्रिया को जल्दी गति दी जा सकती है। सभासदों ने एसडीएम से आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रकरण को तत्परता से सुलझाया जाए और संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया जाए,ताकि राहत प्रदान करने के लिए तुरंत कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से त्वरित कार्रवाई करने की उम्मीद है ताकि उन्हें राहत मिल सके। इस दौरान सभासद शगुन मित्तल,मौलवी फुरकान, तौसीफ चौधरी ,राशिद, उम्मेद राणा,पूर्व मेहरबान अंसारी सहित आदि मौजूद रहे।

# बौद्धिक व सेवा विभाग की प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



शामली। शामली में संचालित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रान्त के संघ शिक्षा वर्ग में बौद्धिक व सेवा विभाग की प्रदर्शनी का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रान्त द्वारा किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों का बौद्धिक व शारीरिक विकास के प्रति जागरूक किया गया।

गत 7 जून से 23 जून तक मेरठ प्रान्त द्वारा आयोजित संघ शिक्षा वर्ग सामान्य का संचालन शहर के सिल्वर बैल्स पब्लिक स्कूल में हो रहा है। जिसमें मेरठ प्रान्त के 28 जनपदों से आये लगभग 700 स्वयंसेवक प्रतिभाग कर रहे है। सोमवार को नगर शामली में संचालित संघ शिक्षा वर्ग में बौद्धिक विभाग एवं सेवा विभाग द्वारा प्रदर्शनी का शुभारम्भ मेरठ प्रान्त के प्रान्त संघचालक एवं वर्ग के सर्वाधिकारी प्रेमचन्द द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आये हुए शिक्षार्थियों को अपने प्राचीन धर्मग्रन्थों, उपनिषदों, वेदों व हमारे महापुरूषों के विषय में जानने का अवसर मिलता है तथा हम सभी के द्वारा अपने घरों में इन धार्मिक ग्रन्थों का नित्य अध्ययन करने से संस्कारयुक्त वातावरण निर्माण होता है व अपने धर्म संस्कृति के प्रति श्रद्धा का निर्माण होता है। इस अवसर पर वर्ग के कार्यवाह अरविन्द कुमार, प्रान्त प्रचारक व वर्ग पालक अनिल, सह प्रान्त प्रचारक आनन्द, क्रान्ति, भूपेन्द्र, अतुल, देशपाल आदि मौजूद रहे।

## तीनो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। सोमवार को जिले की तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 112 शिकायतों में से मात्र 12 शिकायतों का ही मौके से पर निस्तारण किया जा सका है। कैराना तहसील में फरयादियों की शिकायते सुनते हुए डीएम एसपी ने प्रमुखता के आधार पर फरयादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए है। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि लापरवाही मिलती है तो कार्यवाही की जायेगी। सोमवार को कैराना तहसील में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम के समक्ष 39 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र 6 शिकायतों का निस्तारण हो सका। मौके पर एसपी रामसेवक गौतम, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द आदि मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील शामली में सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उनके समक्ष 42 शिकायतें आईं, जिनमें से मात्र 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# किसान गोष्ठी आयोजित कर, किसानों को किया जागरूक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



कांधला। विकासखंड क्षेत्र के गांव ख्वासपुर मे सोमवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मैं किसान गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान दर्जनों किसान मौजूद रहे। किसान गोष्ठी मे कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक डा संदीप चौधरी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे मे जागरूक करते हुए किसानो को वर्तमान समय में गन्ने की फसल में विभिन्न प्रकार के रोग एवं कीट प्रकोप की बढ़ने की जानकारी दी। जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कीट व रोग के नियंत्रण के लिए किसानो को बीज शोधन व भूमि शोधन करना चाहिए। किसानों को समय पर निगरानी व उचित नियंत्रण उपाय अपनाने की आवश्यकता होती है। गन्ने के प्रमुख रोग एवं नियंत्रण उपाय बताए व बताया कि गन्ने का लाल सड़न के लक्षण पत्तियों का सूखना, गन्ने के अन्दर लाल धारीदार सड़न है। इसके नियंत्रण मे किसान रोगग्रस्त पौधों को खेत से हटाएं व नष्ट करें। इसके नियंत्रण के लिए उचित जल निकास रखें संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। ट्राईकोड्रमा की एक किग्रा प्रति एकड़ गोबर खाद में मिलाकर प्रयोग करें। गन्ने के स्मट रोग का नियंत्रण प्रोपिकोनाजोल का प्रयोग एक मिली प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर स्प्रे कर सकते है। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अनुभाग से विनुज, तकनीकी प्रबन्धक धर्मेंद्र सिंह, विशु, सतेन्द्र, सत्यवान, बिजेंद्र, सत्यप्रकाश, कमलेश्वर, अमित, विनोद सरदार सहित आदि मौजूद रहे।

# समर कैम्प में स्विमिंग पूल में नहाने का बच्चों ने उठाया आनन्द



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में समर कैम्प में सोमवार को बच्चों ने स्विमिंग पूल में नहाने, मस्ती करने और उछल कूद करने का आनन्द उठाया। समर कैम्प के सभी बच्चे गोहरनी रोड स्थित स्विमिंग पूल पर पहुंचे और स्विमिंग पूल मे ठंडे पानी से नहाने का आनन्द लिया और शीतलता का अनुभव किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सबको सुरक्षा सम्बन्धी निदेशों से अवगत कराया और उपस्थित समस्त स्टाफ को भी बच्चों का ध्यान रखने के सख्त आदेश दिये। छोटे बच्चों व बडें बच्चों के लिये अलग-अलग स्विमिंग पूल की व्यवस्था थी। पानी में नहाते हुए और क्रीडा करते हुए बच्चे ऐसे प्रतीत हो रहे थे जैसे छोटी-छोटी मछलियां उछल कूद कर रही हों। नहाने के बाद सभी बच्चों ने घर से लाया हुआ नाश्ता जैसे सैंडविच, चिप्स, कुरकुरे, बिस्कुट, फ्रूटी आदि का भी आनन्द लिया। कैम्प संचालिका छवि शर्मा बच्चों की देख रेख और सुरक्षा सम्बन्धी दायित्व का निर्वाह बडे ध्यान पूर्वक कर रही थी। जिससे बच्चों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आयी।

# विद्युत कटौती और लो वोल्टेज ने लोगों को रुलाया

## भीषण गर्मी के प्रकोप से लोगों का हुआ बुरा हाल, विद्युत कटौती होने सीएम को भेजा पत्र

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। नगर एवं क्षेत्र में भीषण गर्मी के प्रकोप से लोगों का बुरा हाल है, भीषण गर्मी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने लोगों को परेशान कर रखा है। कई लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर विद्युत विभाग के विरुद्ध रोष व्याप्त करते हुए पत्र भेज कर समस्या के निस्तारण की मांग की है। नगर एवं क्षेत्र में विद्युत विभाग के द्वारा लगातार बिजली कटौती की जा रही है। बिजली कटौती हो जाने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार कई दिनों से भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है भीषण गर्मी के चलते लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग स्विमिंग पुल, ट्यूबवेल की हौज, सहित आदि साधनों का सहारा लेकर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। विद्युत विभाग रात दिन विद्युत कटौती कर रहा है जिस कारण एसी, कूलर,पंखे नहीं चल रहे रात को भी नगर एवं क्षेत्र के लोग जाग कर रात काटनी पड रही हैं। रात दिन विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने के कारण नगर एवं क्षेत्र के लोगों में विद्युत विभाग के प्रति रोष बना हुआ है। नगर एवं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति छोड़ने के निर्देश दे रखे हैं मगर विद्युत विभाग लगातार कटौती किए जा रहा है। सोमवार को नगर एवं क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिला भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने के कारण लोगों ने रोष व्याप्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर निस्तारण की मांग की है।

## जैन समाज के शमशान घाट का रास्ता बनवाने व हैंड पम्प लगवाये जाने की मांग की

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। सभासद ने जैन समाज के शमशान घाट पर पक्का रास्ता बनवाये जाने व पेयजल सुविधा स्थापित कराये जाने की मांग की हैं।

सोमवार को पालिका सभासद शुगन मित्तल ने तहसील दिवस में पहुँचकर एक मांग पत्र देते हुए खुरगान रोड बाईपास पर स्थित जैन समाज के पर पक्का रास्ता बनवाये जाने व पेयजल की व्यवस्था कराये जाने की मांग हैं। उन्होंने बताया कि शमशान घाट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है,लेकिन वहां पर अभी तक श्मशान घाट में जाने के लिए पक्का रास्ता है और न ही पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। सभासद ने इस संबंध में जिलाधिकारी से प्रार्थना की है कि शमशान घाट का रास्ता पक्का और उसके समीप एक सरकारी हैड पंप लगाने की कृपा करें। उनका कहना है कि शमशान घाट पर जल संकट के चलते वहां पर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यह पंप न केवल जैन समाज के लिए,बल्कि अन्य समुदायों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है,ताकि अंतिम संस्कार के समय में पानी की कमी न हो और जनसमुदाय को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

या सम्मानः

बड़ौत में मातृत्व को मिला नया सम्मानः

# जिला प्रशासन ने शुरू की 'आंचल स्तनपान कक्ष' सेवा, डॉ. अभिनव तोमर की रही प्रमुख भूमिका

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बड़ौत/बागपत । जनपद बागपत के बड़ौत शहर में माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एक सम्मानजनक व सुविधाजनक सेवा की शुरूआत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई आंचल स्तनपान कक्ष सेवा सार्वजनिक स्थलों पर स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। इस सेवा के क्रियान्वयन में लिटिल फिट नर्सरी के संचालक डॉ. अभिनव तोमर की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

इस अभिनव सेवा का उद्घाटन जिला कलेक्टर श्रीमती अस्मिता लाल द्वारा फीता काटकर किया गया। यह पहल शहर की माताओं को गरिमापूर्ण वातावरण में स्तनपान कराने की सुविधा देती है, जो अब तक सार्वजनिक स्थानों पर अत्यंत चुनौतीपूर्ण था।

सेवा की शुरूआत दो प्रमुख स्थलों से

यह सेवा प्रारंभिक चरण में बड़ौत के दो प्रमुख स्थानों पर शुरू की गई है:

1. बावली चुंगी रोडवेज बस स्टैंड
2. बाजार पुलिस चौकी परिसर

इन दोनों स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में



महिलाओं का आवागमन रहता है। अब माताएं यहां बिना संकोच व असुविधा के स्तनपान कर सकेंगी।

उद्घाटन समारोह में शामिल रहे ये गणमान्य व्यक्ति

इस अवसर पर डॉ. सुखपाल, डॉ. अभिनव तोमर, वंदना गुप्ता, लिटिल फिट नर्सरी का पूरा स्टाफ और शहर के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने जिला प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा की और इसे महिलाओं के सम्मान की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया।

डॉ. अभिनव तोमर का वक्तव्यः यह हमारे जनपद के लिए गर्व का विषय है कि जिला प्रशासन ने माताओं की गरिमा और सुविधा को प्राथमिकता दी। मुझे खुशी है कि मुझे इस कार्य में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिला। मैं कलेक्टर श्रीमती अस्मिता लाल जी और समस्त प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस सेवा को वास्तविकता में बदलने का मार्ग प्रशस्त किया।

— डॉ. अभिनव तोमर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संस्थापक – लिटिल फिट नर्सरी

बड़ौत जैसी तेजी से बढ़ती नगरी में यह सेवा सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। कलेक्टर श्रीमती अस्मिता लाल ने बताया कि आने वाले समय में ऐसी सुविधाओं को और विस्तृत किया जाएगा।

प्रशासन और सहयोगी संस्थाओं की योजना है कि यदि सेवा को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती है, तो इसे रेलवे स्टेशन, तहसील परिसर व अन्य सार्वजनिक स्थलों तक विस्तार दिया जाएगा।

आंचल स्तनपान कक्ष सेवा न सिर्फ नवजातों के स्वास्थ्य को सुरक्षित करेगी, बल्कि मातृत्व को सामाजिक सम्मान भी प्रदान करेगी। यह पहल दिखाती है कि प्रशासन और समाज जब मिलकर काम करते हैं, तो बदलाव संभव होता है।

# गुड़ा में पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

## पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढा के गांव गुड़ा में पिछले 20 दिन से नहीं आ रहा है घरों में पीने का पानी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं चंवरा। क्षेत्र के गुड़ा गांव में पानी की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने खाली मटके सिर पर रखकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 20 दिन से घरों में पीने का पानी नहीं आ रहा है जिससे वार्ड नंबर 2, 3, 4 के ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। गांव में पानी की भारी समस्या बनी हुई है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य हजारीलाल मीणा और शक्ति सिंह ने बताया कि पाइप लाइन और पानी की मोटर को जलदाय विभाग ने बोरवेल की सफाई करवाने के लिए बाहर निकाला था। मोटर को बोरवेल की सफाई करवा कर वापस डालना था लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारी मोटर को बाहर निकाल कर नींद में सो गए। उन्होंने बताया कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को मामले से बार-बार अवगत करवाने के बाद भी हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से जिला कलेक्टर रामावतार मीणा से पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य हजारीलाल मीणा शक्ति सिंह बनवारी मनोज शर्मा रतन सोनी कासम नाथू बुली मुकेश और महिलाओं सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री से मिले संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति कार्मिक, माला पहनाकर स्वागत एवं ज्ञापन सौंपा।



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अलवर । संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति ने केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं राज्य मंत्री संजय शर्मा का राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय परिसर में बुक्के एवं माला पहनाकर स्वागत किया । जिसमें समिति के प्रदेश सचिव यश जोशी ने बताया कि बजट घोषणाओं के पैरा 97 के बिन्दु संख्या 5 में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्मिकों को संविदा पर नियोजित किये जाने कि व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से समाप्त कर कार्मिक विभाग के अधीन राजकीय संस्था का गठन किये जाने हेतु कि गई घोषणा का ज्ञापन सौंपा गया । इसके साथ ही कार्मिक विभाग द्वारा राजकीय विभागों में ठेका प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारीयों कि सूचना मांगी जा रही है जिसमें जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने कि मांग रखी गई। इसमें कर्मचारी ऋतिक रोशन, अर्जुन सिंह, सौदिल खान, हुक्म शर्मा, अखिल शर्मा, रिंकेश मीणा, हेमराज सैनी ,सुरेन्द्र, सोनू सैनी , दौलत, कृष्ण कुमार, हरिओम , राधवेंद्र,रविन्द्र सिंह, सुनील, निखिल आदि मौजूद रहे । इसमें चिकित्सा विभाग,नगर निगम, पंचायत समिति, यूआईटी, जलदाय विभाग, बिजली विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सचिवालय, टैजरी , पशुपालन विभाग, अग्नि विभाग, आबकारी विभाग, श्रम विभाग, कार्ट, वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे

# विप्र मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम मेधावी इलेक्ट्रानिक कूल का सम्मान



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल-तिजाराः विप्र कल्याण समिति जिला खैरथल के विप्र मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम के तहत विप्र समिति के मुंडेर के अध्यक्ष अभिनव शर्मा और इंद्रप्रस्थ महिला आश्रम के अध्यक्ष डॉ. धर्मराज शर्मा ने गांवगांधीनगर के निवासी चित्रा कश्यप के शिष्यों के कक्षा कक्षा विज्ञान विषय में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता और समाज का नाम रोशन करते हुए उनके घर पर स्वागत अभिनंदन किया। जिला विप्र कल्याण समिति के संरक्षक शर्मा जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने खैरथल जिले के ब्लैंक अध्यक्षों एवं रजिस्ट्रारों को निर्देशित किया है कि समाज के मेधावी विद्यार्थियों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाए ताकि समाज भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य की तैयारी कर सके। देश का वर्तमान और भविष्य होता है। उदाहरण के तौर पर हम प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकते हैं।

इस दौरान हरसौली ब्लेक के अध्यक्ष रविकांत जोशी, रीश शर्मा, ललित चासिकुल, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर में खरीफ फसलों के उन्नत बीज उपलब्ध

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। कृषि विज्ञान केंद्र, आबूसर द्वारा क्षेत्रीय कृषकों के लिए खरीफ फसलों के उन्नत बीज उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। केंद्र पर ग्वार व मूंग की उन्नत किस्मों का बीज सीमित मात्रा में उपलब्ध है, जिसे ₹पहले आओ, पहले पाओ₹ की तर्ज. पर वितरित किया जाएगा। केवीके आबूसर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दयानंद ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्वार की आरजीसी-1066 और आरजीआर 12-1 तथा मूंग की एमएच-1142 किस्म इस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुरूप अत्यंत उपयुक्त पाई गई हैं। ये किस्में अधिक उत्पादन क्षमता और रोग प्रतिरोधकता के लिए जानी जाती हैं। किसान कार्यालय समय में कृषि विज्ञान केंद्र, आबूसर से बीज प्राप्त कर सकते हैं।

# शेयर मार्केट में 93 लाख की ठगी का मामलाः दूसरा आरोपी विशाल गिरफ्तार

अलवर के एनईबी थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर की गई 93 लाख रुपये की ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन में उपयोग किए गए टैबलेट सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। थानाधिकारी दिनेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पहले ही एक आरोपी अशोक कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी विशाल ने ठगी की रकम में से 42 लाख रुपये अपनी बहन के खाते में ट्रांसफर किए थे, जबकि बाकी रकम शेयर मार्केट में लगाने और नुकसान होने का बहाना बनाकर हड़प ली। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के बाद और भी खुलासे हो सकते हैं। मामला साइबर ठगी से जुड़ा होने के कारण तकनीकी पहलुओं की भी गहराई से जांच की जा रही है।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के अंतर्गत एक भव्य एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक संध्या का किया गया आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली । एनटीपीसी विन्ध्याचल ने दिनांक 8 जून 2025 को उमंग भवन सभागार में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के अंतर्गत एक भव्य एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल प्रतिभागियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन था, बल्कि एनटीपीसी की सामाजिक प्रतिबद्धता और बालिका सशक्तिकरण के संकल्प का प्रतीक भी रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त), एनटीपीसी लिमिटेड एवं सुनीथा जयकुमार श्रीनिवासन, वरिष्ठ सदस्य, संयुक्त महिला समिति पधारे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप मे ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक(विन्ध्याचल) एवं सरोजा फणि कुमार, अध्यक्षा, सुहासिनी संघ उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत और प्रार्थना से हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों ने गणेश वंदना, आत्मरक्षा कौशल प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण पर नाटक, सहज योग और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर प्रस्तुतियाँ दीं। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों की भरपूर सराहना मिली।

# जिला कलक्टर ने ई-वेस्ट संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर ई-वेस्ट जागरूकता एवं संग्रहण अभियान का किया शुभारंभ



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अलवर 9 जून। राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी नीरज शर्मा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अलवर शहर में 11 जून तक ई-वेस्ट जागरूकता एवं संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट परिसर से ई-वेस्ट संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विभाग, उद्योग, चिकित्सा संस्थान एवं आमजन अपना ई-वेस्ट अधिकृत रिसाईकर्ल्स को देकर उसका उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा मैसर्स रामदास ट्रेडिंग कंपनी एवं ग्रीनस्केप ईको मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड रिसाईकल्स को अधिकृत किया गया है। अभियान के दौरान ई-वेस्ट को सुरक्षित और जिम्मेदारी से निस्तारण कर पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जागरूक भी किया जाएगा। अभियान में घरों एवं दुकानों से निकलने वाले ई-वेस्ट को कलेक्शन करने हेतु व्हीकल चलाए जाएंगे एवं कलेक्शन सेंट्रो पर आमजन पुराने मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, फ्रिज, एलईडी मॉनिटर, घरेलू उपकरण और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा करवा सकते हैं।

# प्रर्यावरण और जल जीवन का आधार -विनोद नायक।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

सीकर। हरियालों राजस्थान के तहत नवलगढ़ रोड़ स्थित नायक शिवधाम में नायक विकास सेवा समिति द्वारा विनोद नायक के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर हमारे प्राण वायु देने वाले नीम, वटवृक्ष, पिपल एवं तुलसी के पौधों का वृक्षारोपण किया गया, जानकारी देते हुए नायक ने कहा कि गिरते भू जल को देखते हुए कार्यक्रम में₹वंदे गंगा जल संरक्षण, स्वच्छता के लिए प्लास्टिक मुक्त भारत एवं प्रर्यावरण बचाने का संदेश दिया, इस दौरान सिंगर ज्योति कुलदीप, कृष्णम नायक,सोनिया अलवर, मनिषा कंवर, इशु यादव, नेहा यादव, दिव्या नायक सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।

# सिंगरौली पुलिस ने नाइट कॉम्बिंग गस्त में 205 बदमाशों पर की कार्रवाई

## जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में कराया गया औचक कम्बिंग गश्त



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली । जिले में अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत, पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन में संगठित और सख्त कार्रवाई की गई। जिले के समस्त अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 300 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित कर नाइट कॉम्बिंग गश्त का संचालन किया गया। 8 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी, जो वर्षों से फरार थे। 71 अन्य वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। 62 निगरानी बदमाशों एवं 61 गुण्डा बदमाशों की जांच की गई। 02 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 18 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। रात में बेवजह घूम रहे संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई। बैंकों और एटीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया।

# बाबा मगरराम साहेब का वैशाख मेला परिसर, भंडारा व सत्संग आज



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सीकर, यहां शेखपुरा मोहन सिंधी कॉलोनी में श्री प्रेम प्रकाश मंदिर में शुक्रवार को बाबा मघरराम साहब का 88 वें वैशाख मंदिर का शुभारम्भ प्रभात फेरी के साथ हुआ। सिंधी समाज महिला मंडल की उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया कि भगत मित्रलाल के सानिध्य में शुक्रवार सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। सवा 10 बजे घर हुआ। स्वा 11 बजे ध्वजारोहण श्री अमरपुर दरबार जयपुर से आए संत साध्व, प्रकाश प्रेम संत जीतूराम भगत, चंदुमल के सानिध्य में हुआ। दोपहर 12 बजे आम भंडारा और शाम को सत्संग एवं भंडारे का आयोजन हुआ। मंदिर के सेवादार ऋषि मघनानी, संरक्षक कैलाश थडानी, महेंद्र प्रकाश प्रकाशी, वासु टोकानी, मित्रलाल सेजवानी, रामदास थदानी, ऋषि नारवानी, भगवान मेघनानी, श्री प्रेम प्रकाश महिला मंडली बाबा मगरराम साहेब मंडली के सदस्य सेवा में शामिल रहे। तनवानी ने बताया कि शनिवार 17 मई को दोपहर 1:30 बजे आम भंडारा होगा। शाम को सत्संग और रात में श्री झूलेलाल मंडली नोहर का कार्यक्रम जारी रखें।

# मिलावटी दूध बनाने के कारोबार पर खाध सुरक्षा विभाग का छापा

खैरथल-तिजारा, 9 जून। जिला कलेक्टर किशोर कुमार के दिशा-निर्देश में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सोमवार को ग्राम तेहडका, तहसील मुंडावर में मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार ने बताया कि विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मैसर्स बिल्लू डेयरी पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान मौके से मिलावटी दूध तैयार करने में उपयोग होने वाले लैक्टोज मोनोहाइड्रेट पाउडर, स्किम्ड मिल्क पाउडर, रिफाइंड तेल के पीपे और मिक्सर ग्राइंडर बरामद किए गए। पूछताछ में डेयरी संचालक वीरेंद्र सिंह पुत्र श्रीराम, उम्र 57 वर्ष, निवासी मुंडावर ने बताया कि वह प्रतिदिन करीब 800 लीटर दूध की सप्लाई करता है। टीम ने मौके पर दो लैक्टोज मोनोहाइड्रेट के कट्टे, दो स्किम्ड मिल्क पाउडर ₹परमर₹ के कट्टे और रिफाइंड तेल के पीपे जब्त किए।

# बैतूल दिल्ली के पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर ने संभाली मध्यप्रदेश की कमान

## प्रथम भोपाल आगमन पर आम आदमी पार्टी बैतूल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट

## जनता के मुद्दों पर आंदोलन और सक्रिय कार्यशैली को लेकर रखे विचार, पदयात्रा का दिया न्योता



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी के रूप में दिल्ली से आए पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह तोमर का प्रथम भोपाल आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सारनी से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय परिषद सदस्य और प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी ने भोपाल पहुंचकर प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर से शिष्टाचार भेंट की।

उनके साथ ऊजार्वान युवा नेता शिबू विश्वकर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी, पूर्व सर्किल प्रभारी अजय सरनकर भी उपस्थित रहे। इन सभी नेताओं ने प्रदेश में जमीनी संगठन निर्माण, जनता के मुद्दों पर आंदोलन और सक्रिय कार्यशैली को लेकर अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए।

अजय सोनी ने प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल, उपाध्यक्ष ममता मीणा और संगठन के अन्य प्रमुख नेताओं के समक्ष बैतूल जिले में एक बड़ी पदयात्रा का प्रस्ताव रखते हुए प्रदेश प्रभारी को आमंत्रित किया, जिसे जितेंद्र सिंह तोमर और प्रदेश नेतृत्व ने सहर्ष स्वीकार किया। बैठक के दौरान सभी नेताओं ने संगठन को और सशक्त बनाने और जनता जनार्दन से जुड़े मुद्दों पर सड़क पर संघर्ष करने की दिशा में गंभीर विचार-विमर्श किया।

इस दौरान पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल जोन प्रभारी ममता मीणा ने एयरपोर्ट पर पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रभारी का स्वागत किया। पार्टी कार्यकताओं में नए प्रभारी के आगमन से गजब का उत्साह देखा गया। 8 जून को सुबह से ही भोपाल एयरपोर्ट से लेकर सर्किट हाउस विश्रामगृह और पार्टी के प्रदेश कार्यालय तक प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर के स्वागत में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं की भीड़ जुटी रही।

**- मध्यप्रदेश में संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने का काम शुरू**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा देशभर में संगठन विस्तार और जनता के मुद्दों पर आंदोलन को लेकर जो रूपरेखा बनाई गई है, उसी के तहत मध्यप्रदेश में भी संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने का काम शुरू कर दिया गया है। प्रदेश प्रभारी ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान 8 जून से 11 जून तक सभी जोन, जिलों और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से वन टू वन बैठक कर संगठन के पूर्व कार्यों की समीक्षा और भावी रणनीति पर चर्चा शुरू की है। इस कड़ी में भोपाल जोन के नेताओं के साथ पहली बैठक आयोजित हुई, जिसमें नई ऊर्जा और नई दिशा देने के लिए विस्तृत चर्चा हुई।२

# केन्द्रीय टीम ने साहेबगंज-पाकुड़-दुमका मेगा बल्क वाटर सप्लाई स्कीम का लिया जायजा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), केन्द्रीय नोडल पदाधिकारी, निदेशक, पंचायती राज विभाग, भारत सरकार विपुल उज्ज्वल एवं पूर्व मुख्य अभियंता, राजस्थान सरकार सह- सदस्य निर्मल चित्तोड़ा ने सोमवार को पाकुड़ मेगा बल्क वाटर सप्लाई स्कीम तहत चल रही कार्य प्रगति का जायजा लिया। साथ ही आज केंद्रीय टीम के द्वारा पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत मेगा गंगा जलापूर्ति योजना अंतर्गत साहिबगंज जिले में निर्मित किए जानेवाले इंटेकवेल, पाइप लाइन



कार्य, डब्लू० टी॰ पी॰, मालपहाड़ी स्थित फलोटी जेटी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। केन्द्रीय टीम के द्वारा मेगा जलापूर्ति योजना ₹के तहत पंचायत दादपुर के ग्राम सैजा के निमार्णाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए पंचायत के ग्रामीणों के साथ जल संरक्षण पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। इसके अलावे उन्होंने समाहरणालय स्थित सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत साहिबगंज- पाकुड़ -दुमका मेगा जलापूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक में उनके द्वारा कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और आमजन को मिलने वाले लाभों के संबंध में गहन चर्चा की । इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने की ताकीद की। बैठक में डीसी, डीडीसी समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों पर पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# संथाल परगना के नए आइजी पहुंचे गोड्डा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

-गोड्डा : संथाल परगना प्रमंडल के नए पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने सोमवार को गोड्डा का दौरा किया। समाहरणालय पहुंचने पर गोड्डा उपायुक्त अंजली यादव और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने उनका स्वागत किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। आइजी श्री सिन्हा ने जिले के पुलिस कप्तान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और पुलिस निरीक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने लंबित मामलों और अपराध की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। चिन्हित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई पर भी चर्चा हुई। वहीं मीडिया से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण है।

उन्होंने जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई। अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। वहीं भूमि विवाद के बारे में उन्होंने कहा कि संथाल परगना आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां भूमि विवाद आम है। इन मामलों में पुलिस की सीमित भूमिका होती है। फिर भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएगी।

# झामुमो इकाई ने मनाया धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झामुमो पाकुड़ जिला कमिटी व नगर कमिटी की ओर से धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि सोमवार को मनाया गया। इस दौरान झामुमो के वरीय पदाधिकारीगणों सहित कार्यकताओं ने पाकुड़ बिरसा चौक स्थित बाबा बिरसा मुंडा की अदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही झामुमो इकाई ने शहीद बिरसा मुंडा अमर रहे जैसे नारा भी लगाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम यादव, उपाध्यक्ष पीटर मरांडी वरीय पदाधिकारी मिथलेश घोष, मुकेश सिंह,, पिन्टू गुप्ता, नुर आलम, मुबारक हुसैन, पतरास मरांडी, विरोन घोष, मो० मुस्ताक, आलामगीर आलाम, अली शेख, काबिल



शेख, शमीम अंसारी अन्य मौजूद थे। आपको बता दे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का मृत्यु रांची जेल में 9 जून 1900 को हो गया था । साथ ही रांची के कोकर डिस्टीलरी के पास नदी किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया था, जहां आज भी उनकी समाधि है। प्रत्येक वर्ष 9 जून को उनकी पुण्यतिथि बड़े ही अकीदत के साथ मनाया जाता है और कई कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। मुंडा विद्रोह के अग्रदूत और नेता बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को रांची जिले के उलिहातु गांव में हुआ था। वर्तमान में रांची और सिंहभूमि के आदिवासी बिरसा को ह्लबिरसा भगवानह्व के रूप में पूजते हैं। 19वीं सदी में बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की एक बड़ी कड़ी साबित हुए। उन्होंने देश के लिए 25 वर्ष की आयु में अपने को कुबार्नी देना उचित समझा, लेकिन अंग्रेजों के आगे नहीं झुंके।

# जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर, मिलेगी निजात



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उमस भरी गर्मी के बीच राहत दिलाने के ध्यानार्थ खराब पड़े ट्रांसफार्मर के स्थान पर पाकुड़ जिला अध्यक्ष जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम के प्रयास से 24 घंटे के दरमियान पाकुड़िया पंचायत राजपोखर और ग्राम दलाही में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाये जाने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बीच यथाशीघ्र ट्रांसफार्मर लगाये जाने से राहत तो मिलेगा। साथ ही स्कूली बच्चों को शाम के समय पढ़ाई करने में हो रही दिक्कतों से निजात भी मिलेगा। इस दौरान इमामुद्दीन अंसारी, सनाउल अंसारी, अब्दुल अंसारी, रिंकू, मुख्तार, इमरान, असिन मियां के अलावे सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# भवन प्रमंडल योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न, कार्यों में गति लाने का निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

साहेबगंज (झा०खं०), उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में भवन प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों व योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने विशेष रूप से निमार्णाधीन ह्लसम्प्रेषण गृहह्व



की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने भवन प्रमंडल को निर्देशित किया कि कार्यों को युद्ध स्तर पर पूर्ण किया जाए ताकि आगामी वर्ष 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भवन का उद्घाटन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के साथ-साथ बरहेट, बोरियो और राजमहल प्रखंडों में 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अभियंताओं को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया।बैठक में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंतासहित अन्य तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने और नियमित मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी निभाने को कहा।

# इलेक्ट्रिक केरेंट की झटके से 19 वर्षीय युवक की हुई मौत, घरवालों का रो- रो कर हुआ बुरा हाल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

जामताड़ा (झा०खं०), कमार्टांड़ थाना क्षेत्र के बरमुंडी गांव निवासी अयोध्या भंडारी के सुपुत्र छोटू भंडारी का करेंट के झटके से मौत हो गया। दरअसल मृतक छोटू भंडारी जो चेन्नई में एक कम्पनी के अन्दर लेबर के काम करते थे। वही उसके साथ काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि, बीते रात शुक्रवार को वह कम्पानी में काम कर रहे थे, काम करने के दौरान उसे मिस्त्री द्वारा सोल्डिंग करने वाला मशीन के तार को खोलने के लिए बोला गया, उसी दौरान पैर में कुछ नहीं पहने के कारण पैर में करंट पकड़ लिया, और तुरन्त जमीन पर गिर गया, फिर मजदूरों के मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं डॉक्टरों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया, फिर पार्थिक शरीर को लाकर अंतिम संस्कार किया गया, पूरे गांव में मातन छाया हुआ हैं, ओर परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल है।

# कतरास राहुल चौक में टोटो और बाइक में टक्कर, दो घायल



**, नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद (झा०खा०), कतरास क्षेत्र के राहुल चौक के पास सोमवार की सुबह फोरलेन सड़क मार्ग पर बाइक एवं टोटो वाहन के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में बोकारो पिंडरा जोरा के बाइक सवार सज्जाद अंसारी घायल हो गया। जबकि टोटो पर सवार यात्री फुसरो निवासी कृष्ण कुमार पंडित भी घायल हो गये। वह अपने बहन के साथ ससुराल जो पचगाड़ी बाजार में है, वहां छोड़ने जा रहे थे, तभी यह घटना राहुल चौक में घट गई ।

दोनों घायलों को इलाज के लिए निचितपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि बाइक अपनी सही दिशा पर जा रहे थे, जबकि टोटो विपरीत दिशा से आ रही थी। इसी बीच दोनों के बीच टक्कर हो गई। सूचना पर कतरास थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त बाइक संख्या- जेएच 10 सीएस 9361 को जप्त कर लिया। जबकि टोटो वाहन मौका देखकर फरार हो गया।

# लोग पानी के लिए कर रहे हैं त्राहिमाम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद (झा०खा०), जमाडा के पानी के लिए क्षेत्र में मचा है हाहाकार। जमावड़ा अधिकारी गम्भीर नहीं। कतरास कोयलांचल वासियों के लिए तोपचांची डैम का पानी ही जीने का आधार है। पीने का पानी के लिए क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। परन्तु जमाडा के कोई औथेंटिक अधिकारी कार्य कराने में मौजूद नहीं है।बताते चलें कि तेतुलमारी स्थित गया रेलवे पुल के पास रेलवे लाइन चौड़ीकरण के दौरान जमाडा पाइपलाइन क्षतिग्रस्त पिछले दिनों हो गई थी। आज चौथे दिन बीत जाने के बाद भी जमाडा अधिकारियों के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पानी सप्लाई के लिए पाइप तो जरूर उपलब्ध करा दी गई है मजदूर भी अपने स्तर से पूरे प्रयास के साथ पाइप जोड़ने का कार्य में जुटे हुए हैं। कार्यस्थल पर जमाडा



अधिकारियों का मौजूद नहीं होना और उचित मशीनरी संसाधन उपलब्ध नहीं करना कहीं ना कहीं इन अधिकारियों की शिथिलता उजागर होती है। यदि पाइप जोड्ने की गति इसी रफ्तार में रहा तो कतरास कोयलांचल में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा। अब देखना यह होगा की जमाडा के अधिकारी कतरास कोयलांचल वासियों के प्यास बुझाने के लिए अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं या यूं ही खाना पूर्ति होती रहेगी।

# शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत न होने पर की बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

साहेबगंज (झा०खं०), बरहरवा प्रखण्ड अन्तर्गत श्रीकुंड स्थित हाई स्कूल मैदान में रविवार को ऑल झारखंड शेरशाहबादी सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित बैठक में शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र अब तक निर्गत नहीं किए जाने के मुद्दे को ले रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही बैठक के दौरान सोसायटी की वर्तमान कमिटी को भंग कर एक 17 सदस्यीय अंतरिम कमेटी का गठन भी किया गया। बैठक में प्रखण्ड और जिला स्तरीय कमेटि का पुनर्गठन करते हुए संगठनात्मक मजबूती के साथ आन्दोलन को गति देने पर विशेष चचाएं की गई।

# राजद का शिष्टमंडल मिला उपायुक्त से

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा**

गोड्डा : राष्ट्रीय जनता दल के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नव पदस्थापित उपायुक्त अंजली यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। राजद प्रतिनिधिमंडल ने बुके देकर उपायुक्त का स्वागत किया। साथ ही जिले के विकास पर चर्चा की। पार्टी प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को विश्वास दिलाया कि जिले मे विकास से कोई



समझोता नही किया जाएगा। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही किया जाएगा। राजद प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के जिला अध्यक्ष समेत पार्टी के जिला प्रवक्ता जाहिद इकबाल एवं पार्टी के प्रदेश सचिव धनंजय यादव प्रमुख रूप से शामिल थे।

# मतदान केन्द्रों के रेशनेलाइजेशन एवं आइडेंटिफिकेशन पर हुआ बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

पाकुड़ (झा०खं०), मतदान केन्द्रों के रेशनेलाइजेशन एवं आइडेंटिफिकेशन पर आयोजित बैठक में डीसी मनीष कुमार ने उपस्थित सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया । साथ ही जिस मतदान केंद्र में मिनिमम फैसिलिटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां आवश्यकतानुसार सुविधाएं बहाल करने की बाते कही। इसके अलावे जिन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की दूरी अधिक है, वहां अतिरिक्त मतदान केन्द्र स्थापित करने की दिशा में आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई करने की ताकीद की। उपायुक्त ने 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों की युक्तिकरण करने, जर्जर मतदान केन्द्र का भवन परिवर्तन करने, युक्तिकरण की योजना बनाते समय मतदाताओं की संख्या यथासंभव एक ही स्थान पर स्थित मतदान केन्द्र में किये जाने के साथ - साथ मतदाताओं की परिवार के सभी सदस्यों को एक ही मतदान केन्द्र में मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# भगवान बिरसा की पुण्यतिथि पर डीसी एवं एसपी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा : भगवान बिरसा मुंडा के 125वीं शहादत दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से कदवा टोला अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की शहादत हम सबों के लिए प्रेरणा के समान है। उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में देश के लिए अपने जीवन की कुबार्नी दे दी। उनके कुशल नेतृत्व क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति की



बदौलत उस समय के ताकतवर सामंतों और अग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया। भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उन्हें शत शत नमन। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजों के खिलाफ स्वराज के लिए आंदोलन किया था। अपने नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता के लिए ही उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया। उनके शौर्य, साहस व पराक्रम को हम नमन करते हैं।

मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त गोड्डा, स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता गोड्डा, प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला खेल पदाधिकारी डॉ० प्राण महतो सहित नगर परिषद के कर्मीगण के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# अपनी रसोई रेस्टोरेंट हिंसा: पुलिस की तेजी और मीडिया की जागरूकता ने दिखाया कमाल

## थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह की सक्रियता और मीडिया की जिम्मेदारी बनी मिसाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद : नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में स्थित ₹अपनी रसोई₹ रेस्टोरेंट में 7 जून 2025 की देर रात कुछ बदमाशों ने लाठी-डंडों के साथ जमकर उत्पात मचाया। इस घटना ने न केवल रेस्टोरेंट के संचालकों और कर्मचारियों को, बल्कि वहां भोजन कर रहे ग्राहकों को भी दहशत में डाल दिया। बदमाशों ने रेस्टोरेंट में घुसकर तोड़फोड़ की, जिससे लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने को मजबूर हो गए। पूरी घटना रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसने पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।

नंदग्राम थाना पुलिस ने इस घटना पर तुरंत संज्ञान लिया और अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई ने न केवल रेस्टोरेंट संचालकों को राहत दी, बल्कि क्षेत्र के अन्य व्यापारियों और नागरिकों में भी सुरक्षा का भरोसा जगाया। रेस्टोरेंट के संचालक ने नंदग्राम थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस की इस कार्यवाही की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा, थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने घटना का तुरंत संज्ञान लिया और बिना किसी देरी के कार्रवाई की। उनकी इस तत्परता के लिए हम उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

इसके साथ ही, रेस्टोरेंट संचालक ने मीडिया के योगदान की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मीडिया ने इस घटनाक्रम को प्रमुखता से उठाया, जिससे न केवल जनता में जागरूकता फैली, बल्कि पुलिस पर भी त्वरित कार्रवाई का दबाव बना। मीडिया के इस जिम्मेदार रवैये ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया और अपराधियों के खिलाफ एकजुटता को प्रोत्साहित किया।

यह घटना एक बार फिर यह दशार्ती है कि पुलिस और मीडिया की संयुक्त सक्रियता समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कितनी महत्वपूर्ण है। रेस्टोरेंट संचालक ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी पुलिस और मीडिया इसी तरह आपसी सहयोग से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। स्थानीय नागरिकों ने भी इस कार्रवाई को सराहा और पुलिस के इस कदम को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत दिल्ली प्रांत द्वारा पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम का आयोजन।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत दिल्ली प्रांत द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम' का आयोजन ग्राहक पंचायत कार्यालय फैज रोड झण्डेवालान में किया गया। प्रेस को जारी ब्यान में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य माननीय दीपक चोपड़ा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीपक प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नारायण भाई शाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दिल्ली के सहसंयोजक माननीय पुनीत सूद, विशेष अतिथि रिटायर्ड कमिश्नर सीजीएसटी कमिश्नर मुख्य संजय शरण



एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। सहसंयोजक पुनीत सूद ने कहा कि यदि आज हम पर्यावरण संरक्षण के लिए सचेत नहीं हुए तो यह पृथ्वी मानव जीवन के लिए उपयुक्त नहीं रहेगी हमें आवश्यकता है अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की, प्रदूषण के विरूद्ध युद्ध स्तर पर कार्य करने की वह चाहे वायु प्रदूषण हो,जल प्रदूषण हो या ध्वनि प्रदूषण हो। हमें प्रण लेना होगा कि हम अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे और प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग कम से कम करेंगे। इस कार्यक्रम में ४० परिवारों ने पर्यावरण अनुकूल जीवन जीने का संकल्प लिया तथा दिल्ली को पॉलीथिन मुक्त करने के अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में प्रान्त कार्यकारणी सदस्य दीपक चोपड़ा, मुकेश मिश्रा, हरकृष्ण गोस्वामी, अभिषेक यादव, अजय शर्मा, कपिल मगगो, कल्पना अग्रवाल, कुसुम यादव,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली उच्च न्यायालय का बटला हाउस इलाके में तोड़फोड़ पर रोक लगाने से इंकार

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**





नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बटला हाउस में कथित अवैध निर्माण को गिराने पर तत्काल रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान द्वारा दायर जनहित याचिका पर कार्रवाई कर रही थी। पीठ ने सोमवार शाम करीब 6.10 बजे मामला सामने आने के बाद इसे 11 जून के लिए सूचीबद्ध किया।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीडीए अधिकारियों को शीश महल पार्क से अतिक्रमण हटाने का दिया आदेश।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को अधिकारियों को अपने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में एक पार्क से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। गुप्ता दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों के साथ शीश महल पार्क में चल रही परियोजनाओं का जायजा लेने के लिए निरीक्षण दौरे पर थीं। इस डीडीए पार्क के जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। गुप्ता ने कहा कि इस पार्क के करीब एक एकड़ हिस्से पर अतिक्रमण किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कार्रवाई करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा,यह एक पुरातत्व स्थल है। मैं डीडीए अधिकारियों को यहां दिखाने लायी थी कि लगभग एक एकड़ जमीन पर अतिक्रमण किया गया है और उन्हें इसकी जानकारी तक नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां अवैध गतिविधियां चल रही हैं, इस सरकारी भूमि को तुरंत अतिक्रमण से मुक्त किया जाना चाहिए तथा डीडीए अधिकारियों और उपराज्यपाल वी के सक्सेना को इस पर ध्यान देना चाहिए।

### वक्फ अधिनियम के तहत केंद्रीय नियम बनाने के कार्य में काफी प्रगति हुई है : अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना को अपनी उपलब्धियों में शामिल किया और कहा कि इस कानून के तहत केंद्रीय नियम बनाने के कार्य में काफी प्रगति हुई है। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सभी योजनाएं अब समर्पित पोर्टल के माध्यम से क्रियान्वित की जाती हैं, जिससे लाभार्थियों के लिए पूर्ण पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित होती है। बयान में कहा गया, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा व्यापक विचार-विमर्श के बाद, ऐतिहासिक वक्फ संशोधन अधिनियम को अधिसूचित किया गया, जिससे वक्फ प्रशासन एवं सामुदायिक कल्याण को मजबूती मिली। मंत्रालय ने छह जून, 2025 को पोर्टल उम्मीद शुरू किया, जो कल्याणकारी योजनाओं को सुव्यवस्थित करने और अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण डिजिटल मंच है। बयान में कहा गया कि अधिनियम के तहत केंद्रीय नियम बनाने के कार्य में काफी प्रगति हुई है, जिससे कानून के कार्यान्वयन को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात की

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। शाह के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। बैठक में क्या बातचीत हुई, इसका तत्काल पता नहीं चल सका। शाह से मुलाकात के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी।



आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा, आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। अपंना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका हार्दिक आभार!

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान क्षतिग्रस्त घरों के लिए 25 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता मंजूर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलाबारी से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 25 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में यह घोषणा की थी कि पाकिस्तान की गोलाबारी से पूरी तरह क्षतिग्रस्त प्रत्येक मकान के लिए दो लाख रुपये और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए एक लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि दी जाएगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2,060 घरों के लिए गृह मंत्रालय से 25 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान



कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की बयान में यह भी कहा गया कि पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सहायता राशि प्रदान की जाएगी। अमित शाह ने 29-30 मई को जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सीमा पार से हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र भी सौंपे थे। मानकों के अनुसार, सीमा पार गोलाबारी से हुए नुकसान के लिए तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों में कई बार गोलाबारी की घटनाएं हुई थीं, जिससे सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए थे। इन घटनाओं में आवासीय क्षेत्रों के साथ-साथ स्कूलों, धार्मिक स्थलों तथा व्यावसायिक संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा था।

### दिल्ली बनेगी और स्मार्ट सिटी: अब रात में भी साफ दिखेंगी सड़कें, PWD ने शुरू की योजना

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली की सड़के अब दिन ही नहीं रात में भी यात्रियों के लिए सुरक्षित होंगी। लोक निर्माण विभाग ने उत्तरी दिल्ली की पांच प्रमुख सड़कों पर चैनेज मार्किंग की परियोजना शुरू की है। लोक निर्माण विभाग ने उत्तरी दिल्ली की पांच प्रमुख सड़कों पर 17.90 लाख रुपये की लागत से चैनेज मार्किंग की परियोजना शुरू की है। हाई-क्वालिटी पेंट और रिफ्लेक्टिव सामग्री से तैयार ये मार्किंग्स नेविगेशन को आसान बनाएंगी और सड़क रखरखाव और सुरक्षा में भी बदलाव लाएंगी। इससे दिल्ली की सड़कों पर रात का सफर और भी सुरक्षित और सुगम होगा। दिल्ली जैसे व्यस्त महानगर में यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए यह तकनीक बेहद कारगर रहेगी। पीडब्ल्यूडी ने उत्तरी दिल्ली सब डिवीजन के अंतर्गत एनआर-11, 12, 13, 14 और 15 जैसी प्रमुख सड़कों पर चैनेज मार्किंग का काम शुरू किया है। इसकी कुल लागत 17.90 लाख रुपये है। इस काम को इसी महीने मानसून आने से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली के अन्य हिस्सों की सड़कों पर भी इस तरह की चैनेज मार्किंग की योजना है।

उत्तरी दिल्ली में औचंदी से दरियापुर गांव तक एनआर-15 की सड़क को नए सिरे से बनाया जाएगा। इस पर रिफ्लेक्टिव चैनेज मार्किंग की जाएगी और जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी पंप सेट लगाए जाएंगे। इस काम के लिए पीडब्ल्यूडी ने करीब 37.44 लाख रुपये अतिरिक्त धनराशि तय की है।

# प्रधानमंत्री मोदी आज बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों से मिलेंगे

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार शाम को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिलेंगे, जो ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के बाद भारत का रुख बताने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर गए थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सदस्य प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी प्रतिक्रिया साझा करेंगे। सरकार ने सातों प्रतिनिधिमंडल के काम की प्रशंसा की है। प्रतिनिधिमंडलों में 50 से अधिक सदस्य थे, जिनमें से अधिकतर मौजूदा सांसद हैं। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा थे, जिन्होंने 33 देशों की राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही



प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को व्यक्त करने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा किया गया, जिनमें दो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद, एक जनता दल (यूनाइटेड) सांसद और एक शिवसेना के सांसद शामिल थे। वहीं, तीन का नेतृत्व विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा किया गया, जिनमें कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(शरदचंद्र पवार) के एक-एक सांसद शामिल थे। सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजा, जिसमें कांग्रेस के शशि थरूर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी समेत अन्य सांसद विदेशों में भारतीय हितों की पैरवी करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के साथ गए। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख पूर्व सांसदों में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद और सलमान खुर्शीद शामिल थे।

# भाजपा का सख्त एक्शन, पार्षद सुमन टिंकू राजौरा को पार्टी से छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

दिल्ली। भाजपा ने अपनी पार्षद सुमन टिंकू राजौरा को पार्टी से निकल दिया है। सुमन पर पार्टी की लाइन के खिलाफ मतदान करने का आरोप है। सूत्रों से खबर है कि सुमन आम आदमी पार्टी में शामिल हो सकती हैं। पार्टी के कार्यालय मंत्री बृजेश राय ने पत्र जारी किया।

पार्टी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन में सुमन ने पार्टी की लाइन के विपरीत मतदान किया है। इस मामले में सभी पार्षदों से व्यक्तिगत बात करके जांच की गई, जिसमें स्पष्ट हुआ कि सुमन ने पार्टी लाइन से अलग वोटिंग की। साथ ही उन्होंने खुद भी यह बात स्वीकार की है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के निर्देश के अनुसार सुमन को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

# मेट्रो यात्री कृपया ध्यान दें, पिंक लाइन पर देरी से चल रही ट्रेन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। दिल्ली की लाइफ लाइन कही जाने वाली मेट्रो की पिंक लाइन की रफ्तार पर ब्रेक लगा है। डीएमआरसी ने बताया है कि इस लाइन पर सेवा देरी से चल रही है.

दिल्ली मेट्रो की ओर से यात्रियों के लिए अपडेट जारी किया गया है। डीएमआरसी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर जानकारी देते हुए बताया कि पिंक लाइन पर मेट्रो सेवा प्रभावित है। मजलिस पार्क और शिव विहार के बीच सेवाओं में देरी से चल रही है। लेकिन अन्य सभी लाइनों पर सेवा सामान्य है।

मजलिस पार्क से शिव विहार तक के खंड पर सोमवार को ट्रेन परिचालन बाधित रहा। त्रिलोकपुरी-संजय लेक स्टेशन के तकनीकी कक्ष में धुआं उठने के चलते मेट्रों का संचालन प्रभावित हुआ। दिल्ली मेट्रो रेल



कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अनुसार, सुबह करीब 11:20 बजे धुआं देखा गया, जिससे स्टेशन की सिग्नलिंग और स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) प्रणाली प्रभावित हुई।

नतीजतन स्टेशन पर सिग्नलिंग की अस्थायी अनुपलब्धता के कारण दोनों दिशाओं से त्रिलोकपुरी-संजय लेक की ओर आने वाली ट्रेनों को 25 किमी प्रति घंटे की सीमित गति से चलाया जा रहा है। हालांकि, पिंक लाइन के बाकी हिस्सों पर परिचालन सामान्य रूप से रहा।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।